स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2018-2019

बैंकिंग को पुनर्भाषित करते हुए जीवन परिवर्तन की ओर...

Transforming lives... Redefining banking!

सिंडिकेटबैंक
SyndicateBank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking

SyndicateBank
Faithful, Friendly, Fast & Forward Looking

सिंड पुनरुत्थान के लिए सक्रियता एवं सहयोग

ENERGISE AND SYNERGISE FOR SYND REVIVE

निदेशक मंडल एवं महाप्रबंधकों की कार्यनीति संगोष्ठी

Strategy Conclave of Board of Directors and General Managers

India's faithful and friendly banking partner is also forward looking... On this delightful occasion, we thank our 56 million customers for their valuable trust and patronage.

** Source: Forbes World's Best Banks 2019 ranking based on attributes like Trust, Fees, Digital Services and Financial Advice.*

SyndicateBank

Faithful, Friendly & Forward Looking

Vision

3S
VISION

- Strong Brand
- Stake Holder Delight
- Socially Committed

Values

4F
VALUE STATEMENT

- Friendly
- Forward Looking
- Faithful
- Fast

Mission

5C
MISSION

- Customer Centric in Everything
- Caring For Employees
- Contemporary Technology
- Continuous Improvement
- Comprehensive Solutions

www.syndicatebank.in

निदेशक मंडल
Board of Directors

श्री अजय विपिन नानावटी
अध्यक्ष
Sri Ajay Vipin Nanavati
Chairman

श्री मृत्युञ्जय महापात्र
प्रबंध निदेशक एवं सी.ई.ओ.
Sri Mrutyunjay Mahapatra
Managing Director & CEO

श्री एस कृष्णन
कार्यपालक निदेशक
Sri S Krishnan
Executive Director

श्री अजय के खुराना
कार्यपालक निदेशक
Sri Ajay K Khurana
Executive Director

डॉ. संजय कुमार
निदेशक
Dr. Sanjay Kumar
Director

श्री जयन्त पी गोखले
निदेशक
Sri Jayant P Gokhale
Director

सुश्री वंदना कुमारी जेना
निदेशक
Ms Vandana Kumari Jena
Director

श्री जी रमेश
निदेशक
Sri G Ramesh
Director

श्री सुनील वशिष्ठ
निदेशक
Sri Sunil Vashisht
Director

श्री कमल किशोर सिंघल
निदेशक
Sri Kamal Kishore Singhal
Director

महाप्रबंधक
General Managers

श्री अतुल कुमार
Sri Atul Kumar

श्री उदय शंकर मजूमदार
Sri Uday Sankar Majumder

श्री एच भास्कर
Sri H Bhaskar

श्री के मंजुनाथ
Sri K Manjunath

श्री एम प्रसाद
Sri M Prasad

श्री अशोक रेड्डी नूकला
Sri Ashok Reddy Nukala

श्री के श्रीनिवास राव
Sri K Srinivasa Rao

श्री सतीश कामत
Sri Sathish Kamath

श्री के जयकुमार
Sri K Jayakumar

श्री एस रवींद्रन
Sri S Ravindran

श्री सी बी एल नरसिंह राव
Sri C B L Narasimha Rao

श्री आर अशोकन
Sri R Ashokan

श्री जगन मोहन प्रह्लाद के
Sri Jagan Mohan Prahlad K

श्री मोहन राव जी
Sri Mohan Rao G

श्री डी संपत कुमार चारी
Sri D Sampath Kumar Chary

श्री शिव कुमारवेल
Sri Siva Kumaravel

Syndicate Bank Abridged AR 2018-19 Color Pg 03-04 TY190042

महाप्रबंधक
General Managers

श्री वी एम गिरिधर
Sri V M Giridhar

श्री सुधाकर आर अय्यर
Sri Sudhakar R Iyer

श्री टी. मणिवन्नन
Sri T Manivannan

श्री वीरेश पट्टणशेट्टी
Sri Veeresh Pattanashetti

श्री टी विवेकानंद
Sri T Vivekananda

श्री एस विजय कुमार
Sri S Vijaya Kumar

श्री ए वेंकट रेड्डी
Sri A Venkata Reddy

श्री कुमारय्या
Sri Kumaraiah

श्री पी पलनीसामी
Sri P Palanisamy

श्री इंदर सेन बलूजा
Sri Inder Sain Baluja



श्री वी बी जगन्नाथ राव
Sri V B Jagannadha Rao

आंतरिक लोकपाल
Internal Ombudsman

श्री सुरेश एस सवेकर
Sri Suresh S Savekar

MAKE IN INDIA

Special Schemes for MSME

Govt. of India has unique schemes for
Micro, Small & Medium Enterprises (MSME) - the engines of growth.

STAND UP India
Endeavour and Prosper
Encouraging SC/ST & Women Entrepreneurs

- Loans for SC / ST and Women Entrepreneurs
- Quantum: ₹10 lakh to ₹1 crore

Striving for the success of Micro Enterprises

प्रधानमंत्री mudra योजना
पूँजी. सफलता की कुंजी

- Loans up to ₹10 lakh
- Manufacturing, trading and service sectors
- Purchase of tractor, power tiller & allied agriculture activities

psbloansin 59 minutes.com

- Loans from ₹1 lakh to ₹1 crore in less than one hour

#startupindia

- Empowering startups to grow through innovation and design

Conditions apply

Toll Free: 1800 3011 3333 | 1800 208 3333

Follow us on :

स्वच्छ भारत अभियान
Swachh Bharat Abhiyan

कॉरपोरेट कार्यालय, बेंगलूरु में
At Corporate Office, Bangalore

क्षेत्रीय कार्यालय, गाज़ियाबाद में
Regional Office, Ghaziabad

TOLL FREE NO. 1800 3011 3333 / 1800 208 333
Get money in need...
Synd Swarna
a friend indeed!
Loans against Gold with Easy Terms
MORE MONEY PER GRAM OF GOLD
MH-43-H 5485

Enjoy a Refreshing Banking Experience !
• Over 56 Million Satisfied Customers
• 34000+ Employees
• 4000+ Branches
• 4300+ ATMs

SyndicateBank Mobile ATM
1800 3011 3333
1800 208 3333
www.syndicatebank.in

सिंडिकेटबैंक
SyndicateBank
विश्वसनीय, मैत्रीपूर्ण
Faithful, Friendly
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
कम एवं आकर्षक ब्याज दरों में कार लोन एवं होम लोन की सुविधा

सिंड आई बैंकिंग
इटंरनेट बैंकिंग

आपके लिए सुविधाजनक

सुलभ, सुरक्षित और संरक्षित

निधि अतंरण के लिए आरटीजीएस एवं एनईएफटी

ऑनलाइन शॉपिंग एवं टिकट बुकिंग

आपके खाता विवरण को डाउनलोड एवं देखने के लिए

कागजरहित बैंकिंग

उपयोगिता बिल एवं कर भुगतान के लिए

अधिक जानकारी के लिए कृपया हमें संपर्क करें।

शर्तें लागू

Toll Free: 1800 3011 3333 | 1800 208 3333

Follow us on :

SyndUdyog
For MSMEs

YOUR TRUSTED PARTNER FOR PROGRESS

Working Capital / Term Loan Facilities Available

Term Loan Repayment: 7 to 10 years

Attractive Rate of Interest

No Documentation Charges for Loans up to ₹2 Lakh

No Third Party Guarantee / Collateral Security necessary for Credit Facilities eligible for coverage under CGMSE

For more details, please contact our nearest branch.

conditions apply

Toll Free: 1800 3011 3333 | 1800 208 3333

Follow us on :

Syndicate Bank Abridged AR 2018-19 Color Pg 09-10

TY190042

टाउन हॉल बैठक
Town Hall Meeting

कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियाँ
Corporate Social Responsibility Activities

आदिवासी बच्चों के उद्धार हेतु कलिंग इंस्टिट्यूट ऑफ सोशियल साइन्सेस को दान

Donation to Kalinga Institute of Social Sciences for Upliftment of Tribal Children

कामरेड्डी में हरितवनम हेतु दान

Donation for Haritha Vanam at Kamareddy

स्वेच्छा गोरा आई बैंक को अम्बुलेंस का दान

Ambulance Donated to Swechha GORA Eye Bank

Syndicate Bank Abridged AR 2018-19 Color Pg 11-12 TY190042

अपने धन
की वृद्धि करें
सुरक्षित
तरीके से !
पेश है
सिंड
500
मीयादी जमा*
सिंड 500 मीयादी जमा द्वारा अपने धन की वृद्धि करें। एक हजार से एक करोड़ रूपये से कम की राशि जमा कर सकते हैं। प्रति वर्ष 7.05%* की दर से ब्याज अर्जित करें।
*शर्तें लागू
Toll Free: 1800 3011 3333 | 1800 208 3333
Follow us on :

ATTRACTIVE INTEREST ON
DEPOSITS

Earn upto **7.15%** P.A.

Sl. No.	Period of Deposit	Upto 5 Crores
1	91 days to less than 1 year	6.35%
2	1 year exact	6.60%
3	1 year to 399 days	6.70%
4	400 days exact	7.00%
5	401 days to 499 days	6.70%
6	500 days exact	7.05%
7	501 days to 2 years	6.75%
8	Above 2 yrs to less than 5 yrs	7.15%
9	5 yrs to 10 yrs	6.50%

Additional Interest of 0.50% to Senior Citizens on Deposits for above 180 days*.

*Conditions apply

Contact us immediately.

Toll Free: 1800 3011 3333 | 1800 208 3333

Follow us on :

व्यापार विकास गतिविधियाँ
Business Development Activities

कोयंबत्तूर में आयोजित आवास ऋण मेला
Housing Loan Mela at Coimbatore

चेन्नई में आयोजित एमएसएमई एक्सपो
MSME Expo at Chennai

विजयवाडा में आयोजित एमएसएमई दिवस
MSME Day at Vijayawada

गाज़ियाबाद में आयोजित खुदरा एवं एमएसएमई मेला
Retail and MSME Mela at Ghaziabad

क्षेत्रीय कार्यालय, पुत्तूर द्वारा आयोजित आवास ऋण मेला
Housing Loan Mela at RO Puttur

कार्यक्रम / Events

श्री मृत्युञ्जय महापात्र, एमडी एवं सीईओ का बेंगलूरु में उनकी पदग्राहिता पर स्वागत करते हुए
Welcoming Sri Mrutyunjay Mahapatra, MD & CEO, on his joining at Bengaluru

बेंगलूरु में संपन्न बोर्ड के निदेशकों एवं महाप्रबंधकों का कारोबार कार्यनीति संगोष्ठी।
Business Strategy Conclave of Board of Directors & General Managers at Bengaluru

अभिनंदन–एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस के अंतर्गत उत्तम निष्पादन प्रदर्शित करने वालों का सम्मान कार्यक्रम
Abhinandan, felicitation of achievers of canvassing SBI life insurance

एक्युप्मेंट फाइनैन्स हेतु एसआरईआई के साथ टाई–अप
Tie up with SREI for equipment finance

कोटक सेक्युरिटीज़ की सहभागिता से 'सिंड ट्रिनिटी' खाते का प्रवर्तन
Launching of Synd Trinity account in partnership with Kotak Securities

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सिंडियन द्वारा वृक्षारोपण
Planting of sapling on World Environment Day by Syndians

कार्यक्रम / Events

बेंगलूरु में संपन्न राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की 143वीं बैठक
143rd SLBC Meeting at Bengaluru

उडुपी में सिंड एलीट लाउँज का उद्घाटन
Inauguration of Synd Elite Lounge at Udupi

आरएमएलसी, विजयवाड़ा का उद्घाटन
Inauguration of RMLC Vijayawada

वित्तीय परिणाम 2018-19 की घोषणा करते हुए
Announcing the financial results for FY-2018-19

अपने कारोबार की शानदार शुरुआत करें

सिंडव्यापार

एमएसएमई के लिए

कार्यशील पूँजी / मीयादी ऋण सुविधा उपलब्ध है

मीयादी ऋण चुकौती
7 से 10 वर्षों तक

आकर्षक ब्याज़ दर

₹2 लाख तक के ऋणों के लिए प्रलेखीकरण शुल्क नहीं है

सीजीएमएसई के अतंर्गत पात्र ऋणों के लिए किसी भी प्रकार की अन्य पक्षकार गारंटी / संपार्श्विक प्रतिभूति की आवश्यकता नहीं है

अधिक जानकारी के लिए कृपया हमें संपर्क करें।

शर्तें लागू

Toll Free: 1800 3011 3333 | 1800 208 3333

Follow us on :

हमारे संस्थापक
Our Founders

श्री उपेन्द्र अनंत पै
Sri Upendra Ananth Pai

डॉ. टी.एम.ए. पै
Dr. T.M.A. Pai

श्री वी.एस. कुडवा
Sri V.S. Kudva

सिंडिकेट बैंक का इतिहास
SyndicateBank History

सिंडिकेटबैंक की स्थापना भगवान श्री कृष्ण की निवास भूमि, तटीय कर्नाटक के उडुपि में मात्र ₹8000/- रुपए की पूंजी से तीन दूरदर्शियों-श्री उपेन्द्र पै, व्यवसायी, श्री वामन कुड्वा, इंजिनियर और डॉ टी.एम.ए. पै, डॉक्टर द्वारा 1925 में की गई थी। इन तीनों में सामाजिक कल्याण के प्रति अडिग आस्था थी। इनका मुख्य उद्देश्य समाज से छोटी बचतों का संग्रह करके उन स्थानीय बुनकरों को वित्तीय सहायता पहुँचाना था, जो हथकरघा उद्योग में संकट के कारण संघर्ष का सामना कर रहे थे। बैंक सन् 1928 में शुरू की गई पिग्मी जमा योजना के अधीन अपने अभिकर्ताओं के माध्यम से जमाकर्ताओं के घर-घर पहुँच कर प्रतिदिन दो आने की मामूली रकम एकत्रित करता था। यह योजना आज बैंक की ब्रांड ईक्विटी बन गई है और इस योजना के तहत बैंक लगभग ₹2 करोड़ प्रतिदिन एकत्रित करता है।

सिंडिकेटबैंक की प्रगति यात्रा, भारत में प्रगामी बैंकिंग के विभिन्न चरणों का पर्याय रहा है। अपनी मार्गदर्शन की भूमिका तथा दूरदर्शी नीतियों के बलबूते 93 वर्षों की लंबी अवधि के दौरान बैंक ने अपने लिए दो से तीन पीढ़ियों के ग्राहकों से युक्त सुदृढ़ पकड़ और जमिनी हकीकत का व्यापक समझ होने के कारण बैंक के पास भारत के भविष्य की एक दूरदृष्टि है। बैंक अपनी विशिष्ट सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विचारधाराओं का संरक्षण करते हुए तथा नई विचारधाराओं को अपनाते हुए बैंकिंग क्षेत्र में नवोन्मेषता लाने का प्रयास कर रहा है। बैंक और जनता दोनों के परस्पर अवलंबन द्वारा प्रगति प्राप्त करने के उसके तत्व-ज्ञान से बैंक को भारी लाभ हुआ है। बैंक द्वारा देश के विकास में उत्प्रेरक के रुप में कार्य किये जाने के साथ- साथ समावेशी विकास पर अनवरत ध्यान दिया जा रहा है।

सूचना प्रौद्योगिकी, ज्ञान और प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में 21 वीं सदी की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए बैंक सन्नद्ध है। एक व्यापक सूचना प्रौद्योगिकी योजना तैयार की गयी है और अपने कार्यकलापों के हर क्षेत्र में ग्राहक संतुष्टि पाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से बैंक कर्मचारियों के कौशल और ज्ञान को बढ़ाया जा रहा है। बैंक ने, समाज के विभिन्न वर्गों की अपेक्षाओं को ध्यान में रखकर अपने उत्पादों एवं सेवाओं को उनके अनुकूल बनाया है। हमारी सभी शाखाएँ सीबीएस प्लेटफार्म के अंतर्गत आती है। 31.03.2019 की स्थिति में लंदन शाखा सहित देश भर में बैंक की 4032 शाखाएँ और 4522 एटीएम है।

SyndicateBank was established in 1925 in Udupi, The abode of Lord Krishna in coastal Karnataka with a capital of ₹8000/- by three visionaries- Sri Upendra Ananth Pai, a businessman, Sri. Vaman Kudva, an engineer and Dr. T.M.A. Pai, a physician – who shared a strong commitment to social welfare. Their objective was primarily to extend financial assistance to the local weavers who were crippled by a crisis in the handloom industry through mobilizing small savings from the community. The Bank collected as low as two annas daily at the doorsteps of the depositors through its Agents under its Pigmy Deposit Scheme started in 1928. This scheme is the Bank's brand equity today and the bank collects around ₹2 crore per day under the scheme.

The progress of SyndicateBank has been synonymous with the phase of progressive banking in India. Spanning over 93 years of pioneering expertise, the Bank has created for itself a solid customer base comprising customers of two to three generations. Being firmly rooted in rural India and understanding the grassroot realities, the Bank's perception had vision of future India. It has been propagating innovations in Banking and has also been receptive to new ideas, without however getting uprooted from its distinctive socio-economic and cultural ethos. Its philosophy of growth by mutual sustenance of both the Bank and the people has paid rich dividends. The Bank has been operating as a catalyst of development and consistently focusing on inclusive growth across the country.

The Bank is well-equipped to meet the challenges of the 21st century in the areas of Information Technology, knowledge and competition. A comprehensive IT plan is in place and the skills and knowledge of the Bank's personnel are being upgraded through a variety of training programmes to promote customer delight in every sphere of its activity. The Bank has customized its products and services keeping in view the requirement of different strata of the society. All the Bank branches are covered under CBS platform. Bank is having 4032 branches including London Branch and 4522 ATMs across the country as on 31.03.2019.

मणिपाल में पंजीकृत कार्यालय

Registered Office at Manipal

विषय-सूची
CONTENTS

निदेशक मंडल

श्री अजय विपिन नानावटी, *अध्यक्ष*
श्री मृत्युञ्जय महापात्र, *प्रबंध निदेशक एवं सीईओ*
श्री एस कृष्णन, *कार्यपालक निदेशक*
श्री श्री अजय के खुराना, *कार्यपालक निदेशक*
डॉ संजय कुमार, *निदेशक*
श्री जयंत पी गोखले, *निदेशक*
सुश्री वंदना कुमारी जेना, *निदेशक*
श्री जी रमेश, *निदेशक*
श्री सुनील वशिष्ठ, *निदेशक*
श्री कमल किशोर सिंघल, *निदेशक*

BOARD OF DIRECTORS

Shri Ajay Vipin Nanavati, *Chairman*
Shri Mrutyunjay Mahapata, *Managing Director and CEO*
Shri S Krishnan, Executive Director
Shri Ajay K. Khurana, *Executive Director*
Dr. Sanjay Kumar, Director
Shri Jayant P Gokhale, Director
Ms. Vandana Kumari Jena, Director
Shri G Ramesh, Director
Shri Sunil Vashisht, Director
Shri Kamal Kishore Singhal, Director

वार्षिक रिपोर्ट 2018-19
Annual Report 2018-19

- अध्यक्ष का संदेश Chairman's Statement 3
- प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी का वक्तव्य Managing Director & CEO's Statement 6
- निदेशकों की रिपोर्ट Directors' Report 17
- कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट Report on Corporate Governance 62
- बासेल – III प्रकटीकरण – मार्च 2019 Basel III Disclosures – March 2019 147
- लेखापरीक्षकों का प्रतिवेदन Auditors' Report 173
- तुलन-पत्र Balance Sheet 180
- लाभ व हानि लेखा P & L Account 181
- लेखों की अनुसूचियाँ Schedules to Accounts 182
- लेखा संबंधी टिप्पणियाँ Notes on Accounts 199
- नकदी प्रवाह विवरण Cash Flow Statement 218
- समेकित तुलन-पत्र Consolidated Balance Sheet 220
- सिंडबैंक सर्विसेज लिमिटेड SyndBank Services Limited 271
- ईसीएस संबंधी परिपत्र Circular regarding ECS 281
- ईसीएस अधिदेश फॉर्म ECS Mandate Form 283
- फॉर्म 2बी Form 2B 285
- कॉरपोरेट अभिशासन में हरित पहल: कागज़ रहित Green Initiative in Corporate Governance: Go Paperless 287
- अप्रदत्त लाभांश Unpaid Dividends 288
- पते में परिवर्तन का फॉर्म Change of Address Form 289

लेखापरीक्षक	Auditors
मेसर्स वैतीश्वरन एंड कंपनी एलएलपी	M/s Vaithisvaran & Co. LLP
मेसर्स जे.एस. उबेरॉय एंड कंपनी	M/s J. S. Uberoi & Co.
मेसर्स एस घोष एंड कंपनी	M/s S. Ghose & Co.
मेसर्स के. के. सोनी एंड कंपनी	M/s K. K. Soni & Co.
मेसर्स फडनिस एंड गुप्ते	M/s Fadnis & Gupte

रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट
मेसर्स कार्वी फिनटेक प्राइवेट लिमिटेड
यूनिट: सिंडिकेटबैंक
कार्वी सेलेनियम टॉवर बी,
प्लॉट सं.31 से 32, गचीबाउली
फिनांशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा
हैदराबाद – 500 032
दूरभाष: 040 67162222 या
040 67161516 (D)
फैक्स: 040 23001153
टॉल फ्री नं.: 1800-345-4001

Registrars & Share Transfer Agents
M/s Karvy Fintech Private Ltd.
Unit: SyndicateBank
Karvy Selenium Tower B,
Plot No. 31–32, Gachibowli
Financial District, Nanakramguda,
Hyderabad 500 032
Phone No. 040 67162222 or
040 67161516 (D)
Fax No. 040 23001153
Toll Free No. 1800-345-4001

कंपनी सचिव
निवेशक संपर्क केंद्र
सिंडिकेट बैंक – कॉरपोरेट कार्यालय,
2 क्रॉस, गांधीनगर
बेंगलूरु – 560 009 (कर्नाटक)
दूरभाष: 080 - 22283030
फैक्स - 080 - 22283030
ई-मेल: inrc@syndicatebank.co.in (सामान्य)
निवेशक शिकायत:
syndinvest@syndicatebank.co.in

The Company Secretary
Investor Relations Centre
SyndicateBank - Corporate Office
2nd Cross, Gandhinagar
Bengaluru - 560 009 (Karnataka)
Tel 080 - 22283030
Fax - 080 - 22283030
E-mail: inrc@syndicatebank.co.in (General)
Investor Grievances:
syndinvest@syndicatebank.co.in



श्री अजय विपिन नानावटी
अध्यक्ष
Sri Ajay Vipin Nanavati
Chairman

''प्रसन्न ग्राहक, संतुष्ट कर्मचारी एवं सक्रिय हितधारक''
''Delighting customers, satisfying employees and energizing all stakeholders''

अध्यक्ष का संदेश
Chairman Statement

प्रिय शेयरधारको,

भारतीय एवं वैश्विक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद परिवर्तनकारी वर्ष में आपके बैंक की मुख्य बातों को आपसे साझा करते हुए मुझे अति प्रसन्नता है।

आपको यह ज्ञात होगा कि विगत वर्ष हमने अपने बैंक के लिए कुछ स्पष्ट लक्ष्य एवं एक नया दर्शन तैयार किया था। मैं सहर्ष सूचित करता हूँ कि उन प्रस्तावों में पर्याप्त प्रगति हुई है, किन्तु हमेशा की तरह और भी अधिक कुछ करना शेष रह गया है।

आपके बैंक ने एक व्यापक संस्थागत सुधार संबंधी अभिक्रमों की शुरुआत की है।

उनमें से सर्वप्रथम कारोबार संप्रभाग (वर्टिकल) की स्वतंत्र गतिविधि के रूप में 1000 से अधिक अधिकारियों को सम्मिलित करके एक विशेष वसूली एवं समाधान संप्रभाग (वर्टिकल) का निर्माण करना था। इससे न केवल ₹4261 करोड़ की अधिक वसूली का निष्पादन हुआ है, बल्कि इसके साथ-साथ बैंक को विगत वर्ष की अनर्जक आस्ति के स्तर को कम करने में सहायता मिली है।

संवर्धित कुशलता की पहचान और कंपनी उद्देश्यों के केंद्रित कार्यान्वयन हेतु संस्थागत संरचना का व्यापक पुनर्निर्माण अपनाया गया है। बैंक ने संस्थागत संरचना, बजट प्रधान एवं निष्पादन परिमाण युक्त मापदंड और कॉरपोरेट कार्यालय, आँचलिक कार्यालयों, क्षेत्रीय कार्यालयों, व शाखाओं के बीच कार्य सीमा स्पष्ट निर्धारित करते हुए एक नया अंचल और 35 नये क्षेत्रीय कार्यालयों को गठित किया है।

आपके बैंक के लिए विगत वर्ष के दौरान मानव संसाधन उच्च प्राथमिकता रही है। पहली बार, अनेक पुरस्कार एवं सम्मान कार्यक्रमों की शुरुआत की गई थी। पदोन्नति एवं पदस्थापन नियत समय में संपन्न हुआ है। आपके बैंक ने सार्वजनिक क्षेत्रक बैंकों में प्रति कर्मचारी सर्वाधिक अंशदान से ₹500 करोड़ की धनराशि जुटाते हुए अपनी कर्मचारी शेयर क्रय योजना (ईएसपीएस) को अप्रतिम रूप से सफल बनाया है। इससे अपने कर्मचारियों की बैंक के भविष्य के प्रति प्रबल आस्था का परिचय मिलता है।

नये सीबीएस संस्करण, वेबसाईट के पूर्ण नवीकरण, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाईल बैंकिंग, उपयोगिता और उत्कृष्ट आंकड़ा विश्लेषण केंद्र की स्थापना आदि के

Dear Shareholders,

I am delighted to share with you the highlights of what has been a transformative year for your Bank despite a challenging environment, both in India and globally.

As you will recall, last year we had set out some clear objectives and a new vision for our Bank. I am happy to report that considerable progress has been made on these initiatives but, as always, there is more to do.

Your Bank initiated a large number of organizational improvement initiatives.

First among those was the creation of a specialized recovery and resolution vertical with more than 1000 officials to concentrate on recovery and resolutions, as an activity independent of the business verticals. This has not only resulted in an enhanced recovery performance of ₹4261 crore, but alongside has helped Bank to retain the NPA level below the last year's level.

Recognizing the necessity for enhanced efficiency and focused implementation of corporate objectives, a comprehensive restructuring of the organization structure was adopted. The Bank decided to create one new Zone and 35 new Regional Offices with a clearly defined organization structure, intensive budgeting and performance measurement criteria and alignment of roles between Corporate Office, Zonal Offices, Regional Offices and Branches.

Human Resources continued to be a top priority for your Bank during last year. For the first time, a number of reward and recognition programmes were initiated. The promotions and postings were completed in a record time. Your Bank also successfully completed its first ever Employee Stock Purchase Scheme (ESPS) which mobilized ₹500 crore with per employee contribution highest among the Public Sector Banks reinforcing the trust our employees have in our Bank's future.

The digital transformation journey picked up rapid pace with faster implementation of new version of CBS,

शीघ्र क्रियान्वयन से डिजिटल रूपांतरण की यात्रा में तीव्र गतिशीलता आई है। ग्राहकों की पूछताछ के लिए चैट बॉक्स और फिनटेक अनुबंध आपके प्रगतिशील एवं अग्रिम विचारशील बैंक की अन्य विशिष्टता है।

विगत दो तिमाही में कारोबार निष्पादन में तेजी आई है। यद्यपि एमएसएमई निष्पादन में थोड़ी मंदी रही है, जिसके लिए कई कदम उठाए गए हैं। आवास ऋण संविभाग में विगत दो तिमाही में 3.46% तक बढ़ोत्तरी हुई है। कासा में बढ़ोत्तरी कुल जमाराशि के प्रतिशत के रूप में मार्च 2018 के 33.33% से मार्च 2019 में 36.77% हो गई है। कंपनी ऋण में मात्रात्मक और गुणात्मक दोनों रूपों में वृद्धि हुई है। वृद्धि की एक विशेषता यह भी है कि विगत दो तिमाही के दौरान 'ए' और उससे अधिक दरांकवाले वृहद् ऋण 65% से बढ़कर 68% हो गए हैं। कोष एवं निवेश संविभाग में भी परिमाण और लाभप्रदता दोनों की दृष्टि से गुणात्मक परिवर्तन एवं विकास देखने को मिला है।

आपके बैंक ने भारत सरकार की ईज (वर्धित अभिगम एवं उत्कृष्ट सेवा) संरचना को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया है और 21 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में ईज सूचकांक के तहत प्रशंसनीय छठा स्थान प्राप्त किया है।

आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान भारत सरकार की ओर से ₹3,963 करोड़ का पूँजी अंतर्वेश की प्राप्त किया है और इसके साथ ईएसपीएस संग्रहण को मिलाकर आपका बैंक अच्छी तरह पूंजीकृत हो गया है।

आपके बैंक का एक समृद्ध इतिहास और विश्वसनीय ब्रान्ड है। जिसे हम सतत रूप से समृद्ध बनाते रहेंगे, चूंकि हमने संभावनाओं के यथार्थ भविष्य की ओर स्वयं कदम बढ़ाया है। भविष्य दृष्टि, महत्वूर्ण कथन एवं लक्ष्य पुनर्रचित किए गए हैं। बैंक की छवि बदलने के लिए प्रतीक रूपांतरण प्रक्रियाधीन है।

निष्कर्ष में हम अपनी उच्च प्राथमिकताओं पर ध्यान देना जारी रखेंगे :

1. अपने ग्राहकों की प्रसन्नता
2. अपने कर्मचारियों की संतुष्टि
3. अनुपालन एवं अधिशासन की उच्च मानकता का पालन
4. हमारे सभी हितधारकों को श्रेष्ठ प्रतिफल उपलब्ध कराना

बैंक की सफलता सुनिश्चित करने में सक्रिय व सकारात्मक सहयोग के लिए मैं अपने सभी निदेशकों और पथप्रदर्शकों का तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूँ।

हम नूतन उत्साह के साथ सुनहरे भविष्य की कामना करते हैं, मैं इस अवसर पर अपने शेयरधारकों, अपने कर्मचारियों, अपने ग्राहकों, आप सभी का और भारत सरकार का हमें महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करने और हममें विश्वास करने के लिए आभार व्यक्त करता हूँ।

धन्यवाद,

आपका

अजय नानावटी

अजय विपिन नानावटी
अध्यक्ष

स्थान : मणिपाल
दिनांक : 24.05.2019

complete revamping of the website, internet banking, mobile banking utilities, and creation of a data analytics center of excellence. Chat bots for customer queries and fintech engagements were the other highlights of the forward looking and forward thinking initiatives of your Bank.

Business Performance witnessed a pickup in the last two quarters. MSME performance, however remained a little lackluster, for which a number of new initiatives have been taken. The housing loan portfolio in the last two quarters grew by 3.46%. CASA as a percentage of total deposits grew from 33.33% as on Mar-2018 to 36.77% as on Mar-2019. Corporate Credit grew both quantitatively and qualitatively. One signal feature of the growth was in large credits, with ratings A and above grew from 65% to 68% during the last two quarters. The Treasury and Investment portfolio too witnessed qualitative shifts and growths both in volume and profitability.

Your Bank has effectively implemented the EASE (Enhanced Access and Service Excellence) framework of Government of India and achieved a commendable 6th position under EASE index among 21 PSBs.

Your Bank has received a capital infusion of ₹3,963 crore from the Government of India during FY 2018-19 and this, combined with ESPS mobilization, ensures your Bank remains well capitalized.

Your Bank has a rich history and is a trusted brand which we continue to leverage and build upon as we reposition ourselves to leap frog into a solid future of possibilities. The Vision, Mission and Value Statement has been redesigned. The Logo transformation process is underway to give an image makeover for the Bank.

In conclusion we continue to stay focused on our top priorities:

1. Delight our customers
2. Satisfy our employees
3. Adhere to the highest standards of compliance and governance
4. Provide best-in-class returns for all our stakeholders

I would also like to put on record my appreciation for the active and positive contribution of all the Directors and leadership of the Bank in ensuring success.

As we look with renewed enthusiasm to the future, I would like to take this opportunity to thank all of you, our shareholders, our employees, our customers and the Government of India for the unstinted support and belief in us.

Thank you.

Yours sincerely,

(Ajay Vipin Nanavati)
Chairman

Place : Manipal
Date : 24.05.2019

श्री मृत्युञ्जय महापात्र
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

Sri Mrutyunjay Mahapatra
Managing Director & CEO

''सिंडिकेटबैंक अपने सदृढ़ कारोबार के विकास के माध्यम से शेयरधारकों का मूल्य संवर्धन करने, उच्च पुरस्कार व सम्मानों के माध्यम से अपने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने और कौशल विकास के माध्यम से अपनी उत्पादकता व आस्ति गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।''

''SyndicateBank is committed to creating value for share holders through robust business growth, high reward and recognition to motivate employees and building capacity for productivity and asset quality''

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का शेयरधारकों को संदेश
MD & CEO's Letter to Shareholders

प्रिय महोदय/महोदया,

मैं वित्त वर्ष 2018-19 के लिए आपके बैंक के निष्पादन से संबंधित विशेष उपलब्धियों को इस पत्र में उल्लिखित कर रहा हूँ जिनका विस्तृत ब्यौरा वार्षिक रिपोर्ट में दिया गया है। मेरे पत्र के प्रमुख भाग निम्नानुसार हैं :

1. आर्थिक स्थिति एवं आर्थिक प्रणाली की समीक्षा
2. निष्पादन की विशेषताएं जिनमें कारोबार का स्तर, लाभप्रदता, आस्ति गुणवत्ता और पूंजी पर्याप्तता सम्मिलित हैं।
3. आपके बैंक को भविष्य में और सुदृढ़ स्वरूप देने के लिए विकासात्मक गतिविधियों जैसे भवन, बैंक के स्वरूप का रूपांतरण, मानव संसाधन के संदर्भ में उठाए गए नए कदम एवं डिजिटल बैंकिंग के क्षेत्र में उठाए गए कदम।

1. आर्थिक स्थिति एवं आर्थिक प्रणाली

वर्ष 2017 के दौरान 3.8 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के पश्चात् वर्ष 2018 में विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक कारणों से विश्व अर्थव्यवस्था औसत स्तर पर रही।

आईएमएफ का मानना है कि वर्ष 2019 के दौरान विश्व अर्थव्यवस्था में वृद्धि अपेक्षाकृत धीमी रहते हुए 3.3 प्रतिशत रहेगी और यह दर 2020 में 3.6% हो सकती है। जैसा कि मैंने ऊपर उल्लेख किया है, व्यापार संबंधी वार्ताएँ अनिर्णीत हैं और विकसित अर्थव्यवस्था आर्थिक क्षेत्र में धीमे विकास की संभावनाएं दिखा रही है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान ऊर्ध्वगामी सुधार दिखा क्योंकि पहली तिमाही के दौरान हमारे सकल घरेलू उत्पाद में आकर्षक 8.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यद्यपि, दूसरी तिमाही के दौरान और इसके आगे यह क्रमशः 7.1% एवं वित्तीय वर्ष 2018-19 की तीसरी तिमाही में 6.60% रही। यद्यपि भारतीय रिज़र्व बैंक और आईएमएफ के अनुसार मध्यावधि में इसमें सुधार परिलक्षित होने और यह वृद्धि 7.7% के आसपास रहने की आशा है, बशर्ते कि संरचनागत सुधारों का कार्यान्वयन लगातार बना रहे और संरचनागत ढाँचे में आनेवाली समस्याओं को हल किया जाता रहे।

भारतीय बैंकिंग प्रणाली का रूपांतरण हो रहा है। इस वर्ष के दौरान बड़ी संख्या में विधायी एवं नियामक संशोधन प्रकाश में आए और बैंकिंग उद्योग ने आईबीसी एवं सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों का उपयोग

Dear Sir/Madam,

I am placing before you the highlights of your Bank's performance for the financial year 2018-19 in this letter, details of which have been given in the Annual Report. My letter has following sections:

1. A Review of the Economy and the Eco-system.
2. Performance Highlights, which includes Business levels, Profitability, Asset Quality and Capital Adequacy.
3. Developmental activities for making your Bank future-proof such as Building/Transforming the Bank and the new initiatives in HR and Digital Areas.

1. ECONOMY AND THE ECO-SYSTEM

After a growth of 3.8 per cent in 2017, the global economy moderated in 2018 due to different geo-political and social factors.

The IMF expects global economy to grow at a slower pace at 3.3 per cent in 2019 and 3.6% in 2020. As I write, trade negotiations remain inconclusive and the developed economies are showing slow economic revival.

Indian economy showed an uptick during the early part of FY 2018-19 as GDP registered an impressive growth of 8.0 per cent in Q1. However, from second quarter onwards, the growth has moderated to 7.1% in Q2 and 6.60% in Q3 of FY 2018-19. RBI and IMF are however optimistic of better growth of around 7.7% in the medium term with continued implementation of structural reforms and easing of infrastructure bottlenecks.

Indian banking system is transforming. A large number of enablers both in the form of legislation and regulatory enactments came during this year. Banking industry improved over the high levels of NPAs using the IBC and SARFEISI. After reaching a peak of 11.5 per cent

करते हुए बढ़े हुए एनपीए स्तर में कुछ सुधार प्राप्त किया। मार्च 2018 की स्थिति में एनपीए जो अपने सर्वोच्च स्तर 11.5 प्रतिशत तक आ गया था, वह सितंबर 2018 की स्थिति में सुधरकर 10.8 प्रतिशत हो गया। भारतीय रिज़र्व बैंक के मौजूदा आकलन के अनुसार इस अनुपात में मार्च 2019 तक और सुधार होने की संभावना है और यह 10.3 प्रतिशत तक रह सकता है। अधिकांश बैंकों ने वसूली और पूँजीकरण पर अत्यधिक बल देते हुए सकल एवं निवल एनपीए के अनुपात में बेहतर निष्पादन दर्ज किया है।

भारत सरकार ने भी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में समुचित मात्रा में पूंजी निवेश करते हुए अपना सहयोग प्रदान किया है। भारत सरकार ने अपनी पूँजी निवेश की नीति में जवाबदेही के पक्ष को स्पष्ट करते हुए संवर्धित पहुँच एवं सेवा उत्कृष्टता को प्रारंभ किया जिसे ईएएसई के नाम से जाना जाता है जिसके द्वारा सरकारी क्षेत्र के बैंकों की कार्यप्रणाली को विभिन्न मानकों के अंतर्गत परखने के लिए कतिपय बेंचमार्क निर्धारित किए गए। इसी प्रकार भारत सरकार ने एमएसएमई और कृषि क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। एमएसएमई क्षेत्र के अंतर्गत उठाए गए कदमों में ब्याज सहायता, वर्धित ऋण गारंटी, डिजिटल ऋण प्रसंस्करण और निर्यातोन्मुखी गतिविधियों के लिए विशेष प्रोत्साहन सम्मिलित है। इसी प्रकार कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के अंतर्गत किसान सम्मान निधि एवं ग्रामीण विकास के लिए विशेष समर्थन शामिल किया गया है। विभिन्न राज्य सरकारों ने कृषि ऋण माफी योजना की घोषणा की जिसके फलस्वरूप कृषि क्षेत्र के अग्रिमों एवं वसूली में विपरीत प्रभाव पड़ा। यद्यपि यह प्रभाव 2018-19 के अंतिम दो तिमाहियों के दौरान कुछ स्थिर पाया गया। आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा किया गया व्यय काफी उच्च स्तर पर रहा। यद्यपि आधारभूत संरचना के क्षेत्र में सरकार द्वारा उठाए गए इन कदमों के बावजूद बैंकों द्वारा इन क्षेत्रों को प्रदत्त वित्तीय सहायता में अपेक्षित स्तर की वृद्धि प्राप्त नहीं की जा सकी बावजूद इसके कि सड़क क्षेत्र के लिए हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (एचएएम) आदि अपनाए गए। ऊर्जा क्षेत्र आदि से संबंधित मामले अनिर्णीत रहे।

भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति में नियंत्रित कड़े रुख के स्थान पर द्वितीय तिमाही में इसे शिथिल करते हुए तटस्थ रहने अर्थात् कोई विशिष्ट नीति न अपनाने का निर्णय लिया। यद्यपि इसके बाद नीतिगत दरों में अधोगामी ढंग से दो बार परिवर्तन किए गए। यद्यपि दरों में इस परिवर्तन का प्रभाव कोई विशेष नहीं रहा क्योंकि विभिन्न बैंकों द्वारा अपने एमसीएलआर को 5 से 15 आधार प्वाइंट कम किया गया। भारतीय रिज़र्व बैंक ने भी अपनी तरलता के कई दरवाज़े खोले जिसमें मुद्रा को स्थिर करने और तरलता की दिशा में सुधार हेतु कदम बढ़ाए गए।

कुछ बैंकों में पीसीए लागू हुआ और जिसके आधार पर भारत सरकार द्वारा पूँजी निवेश के साथ बैंकिंग क्षेत्र के निष्पादन के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा सरलीकृत निगरानी प्रणाली अपनाई गई। गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं की पूँजी आवश्यकता के लिए बैंकों द्वारा दिए जानेवाले ऋणों को रेटिंग प्रणाली से जोड़ा गया (प्रणालीगत महत्वपूर्ण गैर-बैंकिंग संस्थाओं के अलग-अलग संव्यवहारों की तुलना में)। विश्लेषकों ने ऐसा माना है कि आरबीआई योग्य क्षेत्रों को और अधिक ऋण प्रदान कर सरकार की विकासात्मक पहल को समर्थन प्रदान करने के लिए इच्छुक है।

in March 2018, the gross non-performing asset ratio improved to 10.8 per cent in September 2018. As per the current assessment of the Reserve Bank, the ratio may further improve to 10.3 per cent by March 2019. Most of the Banks posted better gross and net NPA ratios aided by aggressive recovery and capitalization.

The Government continued its support to PSBs with significant capital infusion. As part of the Government's policy of capital with accountability, Government of India introduced EASE (Enhanced Access and Service Excellence) framework to benchmark and review various parameters of functioning of Public Sector Banks. Government also introduced significant initiatives for target sectors like MSME and Agriculture. The MSME sector initiatives included interest subvention, enhanced credit guarantee, digital loan processing and additional incentives for the export oriented MSMEs. The Agriculture incentives included Kisan Samman Nidhi and enhanced support for Rural Development. Various State Governments announced Agriculture Debt waiver schemes, which impacted both recovery and growth of the Agriculture advances. However, the impact seemed to have stabilized during the last two quarters of 2018-19. Government spending in the Infrastructure sector remained high. However, translation of government push to the various infrastructure sector did not convert to the expected growth in the Bank finances to this sector, despite new structures like Hybrid Annuity Model (HAM) for Road sector. Power sector issues remained unresolved.

Reserve Bank of India (RBI) relaxed its monetary policy from 'Calibrated Tightening' to 'Neutral' during the second quarter. Successively the policy rates were revised downwards twice. However, the transmission of the rate cuts happened minimally with MCLR of various banks getting revised downwards between 5 to 15 basis points. RBI also opened special liquidity windows and auctioning of forwards to ease liquidity and stabilize currency.

Several banks exited the PCA framework basis the capital infusion by GOI and RBI's relaxed approach on monitoring the banking sector performance. Capital requirements for Banks lending to NBFCs were aligned to the ratings (As compared to different treatment for systematically important NBFCs). Analysts took these measures as RBI's willingness to support growth initiatives of the government by enabling Banks to lend more to deserving sectors.

उक्त तथ्यों के आधार पर इस वर्ष के प्रतिवेदन के अंतर्गत आपके बैंक का निष्पादन प्रस्तुत किया गया है।

2. निष्पादन की विशिष्टताएँ 2018-19

वैश्विक कारोबार :

दिनांक 31.03.2019 तक बैंक का वैश्विक कारोबार ₹477046 करोड़ रहा, जिसमें ₹259897 करोड़ मूल्य की वैश्विक जमा और ₹217149 करोड़ मूल्य के वैश्विक अग्रिम शामिल हैं। उक्त तिथि तक बैंक का घरेलू कारोबार ₹404914 करोड़ था, जिसमें ₹230092 करोड़ मूल्य के घरेलू जमा और ₹174822 करोड़ मूल्य के घरेलू अग्रिम शामिल थे।

लाभप्रदता :

निवल ब्याज आय में वित्तीय वर्ष 2017-18 में ₹6552 करोड़ की तुलना में मार्च 2019 को समाप्त वर्ष में ₹6648 करोड़ की वृद्धि हुई है। बैंक द्वारा उपगत निवल हानि वित्तीय वर्ष 2017-18 में ₹3223 करोड़ से घटकर वित्तीय वर्ष 2018-19 में ₹2588 करोड़ है। परिचालन लाभ में वर्षानुवर्ष 27% की कमी हुई है, जिससे यह वित्तीय वर्ष 2017-18 में ₹3864 करोड़ से घटकर वित्तीय वर्ष 2018-19 में ₹2819 करोड़ हो गया है। ब्याजेतर आय में 21% की कमी हुई है, जिससे यह वित्तीय वर्ष 2017-18 में ₹2806 करोड़ से घटकर वित्तीय वर्ष 2018-19 में ₹2224 करोड़ हो गया है। परिचालन व्यय में वित्तीय वर्ष 2017-18 में ₹5494 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2018-19 में ₹6053 करोड़ की आंशिक वृद्धि हुई है। प्रावधान आवश्यकता में काफी कमी की गई है, जिससे यह वित्तीय वर्ष 2018 में ₹8253 करोड़ की तुलना में घटकर वित्तीय वर्ष 2019 के दौरान ₹5922 करोड़ हो गई है। विगत दो तिमाहियों में बैंक के निष्पादन में महत्वपूर्ण कायापलट और सुधार दिखाई दिए हैं।

प्रभाविकता : जमाओं की लागत, अग्रिम पर प्रतिफल और निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम)

वैश्विक जमा की लागत वित्तीय वर्ष 2018 में 5.10% से आंशिक रूप से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2019 में 5.13% हो गई। अग्रिमों पर प्रतिफल वित्तीय वर्ष 2018 में 7.51% से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2019 में 7.52% हो गया। घरेलू एनआईएम वित्तीय वर्ष 2018 में 2.85% से घटकर वित्तीय वर्ष 2019 में 2.73% हो गया है। वैश्विक एनआईएम वित्तीय वर्ष 2018 में 2.44% से घटकर वित्तीय वर्ष 2019 में 2.42% हो गया है।

देयताओं की संरचना : कासा, खुदरा सावधि जमा

आपके बैंक की कासा जमा स्थिति में अक्षरशः ₹4269 करोड़ की वृद्धि हुई है और प्रतिशतता में कहा जाए तो 5% की वर्षानुवर्ष वृद्धि हुई है। बचत जमा संवर्ग में 8.2% की वर्षानुवर्ष वृद्धि दर्ज हुई है, जिसका मूल्य ₹5609 करोड़ है। कुल जमाओं में कासा का अनुपात 33.33% से बढ़कर 36.77% हो गया है। इस अवधि के दौरान सावधि जमाओं में खुदरा संवर्ग के अंतर्गत वृद्धि महत्वपूर्ण रूप से 56.56% से 66.45% हो गई है। यह खुदरा संवर्ग पर बल देने की दिशा में बैंक द्वारा कृत प्रयास के परिणामस्वरूप है।

खुदरा ऋण पर ध्यान

आरएएम (खुदरा, कृषि और एमएसएमई) संविभाग में वर्षानुवर्ष आधार पर 1.40% की समग्र वृद्धि हुई। आरएएम संविभाग के अंतर्गत खुदरा ऋणों ने

The above provided the backdrop of your Bank's performance during the year under report.

2. PERFORMANCE HIGHLIGHTS 2018-19

GLOBAL BUSINESS:

As on 31.03.2019, global business was ₹477046 crore comprising global deposits of ₹259897 crore and global advances of ₹217149 crore. Domestic business was at ₹404914 crore comprising domestic deposits of ₹230092 crore and domestic advances of ₹174822 crore.

PROFITABILITY:

The Net Interest Income for the year ended March 2019, increased to ₹6648 crore as against ₹6552 crore in FY 2017-18. The Net loss incurred by the Bank has reduced to ₹2588 crore in FY 2018-19 from ₹3223 crore in FY 2017-18. The Operating Profit decreased by 27% y-o-y from ₹3864 crore in FY 2017-18 to ₹2819 crore in FY 2018-19. The Non-Interest Income declined by 21% from ₹2806 crore in FY 2017-18 to ₹2224 crore in FY 2018-19. Operating expenses have increased marginally from ₹5494 crore in FY 2017-18 to ₹6053 crore in FY 2018-19. The provisioning requirement during FY 2019 decreased considerably to ₹5922 crore as compared to ₹8253 crore in FY 2018. The Bank's performance witnessed a significant turnaround and improvement in the last two quarters.

EFFICIENCY: COST OF DEPOSITS, YIELD ON ADVANCES AND NIMs

The cost of global deposits has marginally increased from 5.10% in FY 2018 to 5.13% in FY 2019. The Yield on Advances has increased from 7.51% in FY 2018 to 7.52% in FY 2019. The domestic NIM has declined from 2.85 % in FY 2018 to 2.73% in FY 2019. The Global NIM has declined from 2.44% in FY 2018 to 2.42% in FY 2019.

COMPOSITION OF LIABILITIES: CASA, RETAIL TERM DEPOSITS

CASA deposits in your Bank has witnessed a growth of ₹4269 crore in absolute terms and in percentage terms it comes to 5% y-o-y. Savings Deposits increased by ₹5609 crore registering a growth of 8.2% y-o-y. CASA ratio to the total deposits improved from 33.33% to 36.77%. During this period the retail component of the term deposits increased significantly from 56.56% to 66.45%. This is in keeping with the Bank's effort to strengthen the retail franchise.

FOCUS ON RETAIL CREDIT

Overall on YoY basis, the RAM (Retail, Agriculture and MSME) portfolio increased by 1.40%. Of the RAM portfolio,

5.00% की वर्षानुवर्ष वृद्धि दर्ज की है और इसके बाद कृषि ऋणों ने 3.10% की वृद्धि दर्ज की जबकि एमएसएमई का विकास सकारात्मक नहीं रहा। एमएसएमई अग्रिमों में पतन का कारण मुख्य रूप से उच्च आपराधिक मुद्दे हैं। वर्ष के दौरान आवास ऋण की विकास प्रतिशतता 5.22% थी। बैंक ने सोच-समझकर यह निर्णय लिया है कि खुदरा ऋण संविभाग को सतत रूप से बढ़ाया जाए। कुल अग्रिमों में खुदरा अग्रिमों की प्रतिशतता 19.79% से बढ़कर 21.57% हुई। आपके बैंक का ध्यान आरएएम संविभाग को बढ़ाना और कॉरपोरेट संविभाग को सीमित करना होगा। खुदरा अग्रिम खंड पर निर्धारित समग्र कार्यनीति पर कार्य करने के लिए कॉरपोरेट, आंचलिक एवं क्षेत्रीय कार्यालयों के स्तर पर पृथक संगठनात्मक ढांचे बनाए गए हैं।

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम

आपके बैंक ने इस साल भी प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण के अंतर्गत निर्धारित विनियामक अपेक्षाओं की पूर्ति की है। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत आपके बैंक की वृद्धि दर 1% रही है और आपके बैंक ने 40% की विनियामक आवश्यकता के सापेक्ष एएनबीसी का 40.54% हासिल किया है। इसी प्रकार कृषि में आपके बैंक ने 18% की नियामक आवश्यकता के सापेक्ष एएनबीसी का 18.94% हासिल किया है। अन्य सभी उप वर्गों में आपके बैंक ने नियामक आवश्यकताओं से अधिक लक्ष्य हासिल किए हैं।

आस्ति गुणवत्ता एवं वसूली

आपके बैंक ने बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाते हुए अपनी आस्ति गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए व्यापक कदम उठाए हैं, जिनमें बेहतर मूल्यांकन, संपार्श्विक द्वारा समर्थित उच्च दरांकन प्राप्त कंपनियों को एक्सपोज़र, वसूली एवं समाधान हेतु पृथक संप्रभाग की स्थापना, टेक्नोलॉजी एवं विधिक पद्धतियों का सकेंद्रित प्रयोग शामिल है। सकल एवं निवल एनपीए वित्तीय वर्ष 2017-18 की स्थिति 11.53% एवं 6.28% से घटकर वित्तीय वर्ष 2018-19 में 11.37% एवं 6.16% हो गई। उपरोक्त घटना इस बात को इंगित करती है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष सकल एवं निवल एनपीए को बेहतर रूप से नियंत्रित किया गया है। गिरावट का अनुपात भी पिछले वर्ष की स्थिति 6.54% से घटकर 5.87% हो गया। वित्तीय वर्ष 2019 के दौरान सकल गिरावट ₹11592 करोड़ रहा जबकि वित्तीय वर्ष 2018 में यह ₹14309 करोड़ था। वित्तीय वर्ष 2019 के दौरान कुल स्तरोन्नयन, वसूली एवं विवेकपूर्ण अपलेखन का कुल मूल्य ₹12670 करोड़ था जबकि वित्तीय वर्ष 2018 के दौरान यह राशि ₹6160 करोड़ थी। वित्तीय वर्ष 2019 के दौरान कृत कुल नकद वसूली ₹6235 करोड़ थी, जिसमें ₹4261 करोड़ मूल राशि के सापेक्ष कृत वसूली है। जबकि वित्तीय वर्ष 2018 के दौरान कृत नकद वसूली ₹3331 करोड़ थी, जिसमें ₹2689 करोड़ मूल राशि के सापेक्ष कृत वसूली है। नई गिरावटों के साथ नकद वसूली, स्तरोन्नयन तथा विवेकपूर्ण अपलेखन को गणना में लेने के बाद 31 मार्च, 2019 तक बैंक का सकल एनपीए ₹24680 करोड़ हो गया, जबकि 31 मार्च, 2018 को यह ₹25758 करोड़ था। परिणामस्वरूप, बैंक का सकल व निवल एनपीए अनुपात पिछले वर्ष के अनुपात की तुलना में घटकर क्रमशः 11.37% और 6.16% हो गया। प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) मार्च 2018 की स्थिति 60.71% से बढ़कर 31 मार्च, 2019 को 66.43% हो गया है।

Retail loans registered a y-o-y growth of 5.00% followed by Agriculture by 3.10%. However, growth under MSME was not positive. Drop in MSME advances was mainly due to high delinquency issues. Home Loan growth during the year was 5.22%. The Bank has taken conscious decision to consistently increase Retail portfolio. Retail Advances has improved from 19.79% to 21.57% of total advances. Your Bank's focus would be to increase the RAM portfolio and moderate the corporate portfolio. Separate organizational structure has been established at Corporate Office, Zonal Office and Regional Office levels to deliver on the overall strategy for the retail advances segments.

PRIORITY SECTOR ADVANCES

Your Bank continues to remain compliant with the regulatory requirement for priority sector credit. Priority sector growth has been 1% and your Bank has achieved 40.54% of ANBC as against regulatory requirement of 40%. Similarly in Agriculture your Bank has achieved 18.94% of ANBC as against regulatory requirement of 18%. In all other sub segments of Priority Sector your Bank has exceeded the regulatory requirements.

ASSET QUALITY AND RECOVERY EFFORTS

Your Bank initiated comprehensive initiatives for improving asset quality on a multi-pronged approach, which included better appraisal, exposures to highly rated companies and with collateral support, creation of a separate Recovery resolution vertical and focused use of technology and legal methods. Both Gross NPA and Net NPA have decreased from 11.53% and 6.28% respectively in FY 2017-18 to 11.37% and 6.16% respectively in FY 2018-19.This indicates that both Gross and Net NPAs were contained well below the previous year's level. The slippage ratio in FY 2019 has declined to 5.87% from 6.54% in the previous year. The gross slippages during FY 2019 was ₹11592 crore as compared to ₹14309 crore in FY 2018. The up gradations, recoveries and prudential write offs during FY 2019 aggregated ₹12670 crore as against ₹6160 crore during FY 2018. Total cash recovery for FY 2019 was ₹6235 crore of which ₹4261 crore was against principal amount. In contrast, the cash recoveries in FY 2018 was ₹3331 crore of which ₹2689 crore was against principal. After taking into account the fresh slippages as also the cash recovery, up gradationand prudential write offs, the Gross NPA as on March 31,2019, was ₹24680 crore as against ₹25758 crore as on March 31, 2018. As a result, both the Gross NPA & Net NPA ratios have declined to 11.37% and 6.16% respectively as compared to their previous year's ratios.The Provision Coverage Ratio (PCR) as on March 31, 2019 improved to 66.43% from 60.71% in March 2018.

एनपीए समाधान एवं वसूली में महत्वपूर्ण विकास हासिल करने के उद्देश्य से आपके बैंक ने एक समर्पित वसूली एवं समाधान संव्यवहार इकाई की स्थापना की है। इस संप्रभाग को अपेक्षित संगठनात्मक ढांचा एवं मानव संसाधन उपलब्ध कराया गया है। बैंक ने ₹15709 करोड़ मूल्य के खातों के समाधान हेतु एनसीएलटी (राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण) को अनुरोध प्रस्तुत किया है और हमें प्रवर्तमान वर्ष के दौरान उन न्यायाधिकरणों से थोक समाधान प्राप्त होने की उम्मीद है।

पूंजी पर्याप्तता

आपके बैंक को भारत सरकार से पूँजी अंत:प्रवाह के रूप में ₹3963 करोड़ प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त, उच्च प्रावधानीकरण के बावजूद भी आपका बैंक इस साल भी पर्याप्त रूप से पूंजीकृत है। 31 मार्च, 2019 की स्थिति में बैंक का सीआरएआर 9.31% के सीईटी1 अनुपात और 11.36% के टियरI अनुपात तथा 2.87% के टियर II अनुपात साथ 14.23% है। यह 31 मार्च, 2019 की स्थिति में सीईटी1, टियर-I एवं टियर II अनुपात के लिए क्रमश: निर्धारित न्यूनतम नियामक स्तर 7.375%, 8.875%, 2.00% के सापेक्ष है। उचित पूँजी अनुपात को बनाए रखने के लिए बैंक पूँजी संरक्षण को आगे भी अपना लक्ष्य मानेगा।

आपके बैंक ने कर्मचारी शेयर खरीद योजना (ईएसपीएस) का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन कर ₹ 500 करोड़ की निवल पूँजी जिसका पूँजी प्रभाव ₹625 करोड़ है, हासिल किया है। यह बैंक की उत्कृष्टता एवं विकास के प्रति कर्मचारियों की प्रतिबद्धता दर्शाती है।

शाखा नेटवर्क

आपके बैंक के पास 4031 शाखाओं का एक सुदृढ़ नेटवर्क मौजूद है जो पूरे भारत में फैला हुआ है। इनमें 840 शाखाएं महानगरों मे, 815 शाखाएं शहरी प्रांतों में, 1138 अर्ध-शहरी प्रांतों में और 1238 शाखाएं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। बैंक की एक विदेशी शाखा लंदन में है। बैंक संभावना युक्त क्षेत्रों में आयोजित विस्तारण करने की अपनी नीति को जारी रखेगा। बैंक ने अपने शाखा नेटवर्क को विशेषीकृत शाखाओं के साथ, यथा उद्यमी-मित्र शाखा, बृहद एवं मिड कॉरपोरेट शाखा एवं विशेषीकृत कृषि वित्त शाखा आदि के रूप में पुनर्निर्धारित किया है।

डिजिटल वितरण चैनल

आपके बैंक ने डिजिटल विस्तारण हासिल करने की अपनी नीति को इस साल भी जारी रखा है। इस अवधि के दौरान इंटरनेट बैंकिंग एवं मोबाइल बैंकिंग का इस्तेमाल करनेवाले ग्राहकों की संख्या में वृद्धि हुई है। आपके बैंक ने डिजिटल चैनलों में प्रयोगकर्ता के अनुभव को बढ़ाने और नए डिजिटल उत्पादों व सेवाओं के सृजन में बड़ी मात्रा में निवेश किया है। 31 मार्च, 2019 तक 472 बीएनए के साथ बैंक के कुल एटीएम की संख्या 4509 है। एटीएम में अतिरिक्त सेवाएँ शामिल की गई हैं और बेहतर ग्राहक सेवा सुनिश्चित करने के लिए ई-कियोस्क के वातावरण तथा टेक्नोलॉजी में परिवर्तन किए गए। डिजिटल लेनदेनों को बढ़ाने के लिए इन सेवाओं का उपभोग करनेवाले ग्राहकों को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से आपके बैंक ने एकीकृत भुगतान इंटरफेस और भीम आधार पे सुविधा उपलब्ध कराया है। आपका बैंक डिजिटल प्लैटफॉर्म पर ग्राहक समायोजन, सेवा आपूर्ति और प्रति बिक्री आदि कार्यों के लिए थर्ड पार्टी प्लैटफॉर्म प्रदाताओं के साथ समझौता किया है। दिनांक 31-03-2019 तक बैंक के कुल लेन-देनों में 60.91% लेन-देन गैर-शाखा चैनलों के माध्यम से हुआ है।

Your Bank has established a dedicated Recovery and Resolution Business Unit (RRBU) for achieving significant improvement in NPA resolution and recovery. The organizational structure and manpower support for the vertical have been put in place. The Bank has approached NCLT (National Company Law Tribunal) seeking resolution of ₹15709 crore and we expect bulk of the resolution to take place in the ensuing FY.

CAPITAL ADEQUACY

Your Bank has received a capital infusion of ₹3963 crore from Government of India. Apart from this, despite higher provisioning, your Bank has remained well capitalized. The CRAR of the Bank as on March 31, 2019, stood at 14.23% with CET1 Ratio of 9.31%, Tier I Ratio of 11.36% and Tier II Ratio of 2.87%. This is against the regulatory minimum of 7.375% for CET1, 8.875% for Tier-I and 2.00% for Tier II Ratio as on March 31, 2019. The Bank continues to target capital conservation for maintaining reasonable capital ratio.

Your Bank concluded a very successful Employee Share Purchase Schemes (ESPS) mobilizing ₹500 crore net with capital impact of over ₹625 crore. This exhibited the employee commitment towards excellence and growth of your Bank.

BRANCH NETWORK

Your Bank has a strong pan India network of 4031 branches of which 840 were in metro, 815 in urban, 1138 in semi-urban and 1238 in rural areas and one overseas branch at London. The Bank continues its policy of measured expansion in to potential areas. The Branch network also was repositioned with different specialized branches like Udyami Mitra branches, Large and Mid-Corporate branches and Specialised Agri finance branches.

DIGITAL DELIVERY CHANNELS

Your bank continued its policy of digital expansion. During this period, the internet banking customers and mobile banking customers saw a rapid increase. Your Bank invested significant amounts for improving user experience of digital channels and creation of new digital products and services. As on 31st March, 2019 your Bank had 4509 number of ATMs including 472 BNAs. Additional services were introduced in ATMs and e-kiosks were enhanced with both ambience and technology for better customer service. Your Bank has enabled Unified Payment Interface and also BHIM Aadhaar Pay to facilitate the customers to enhance digital transactions. Your bank entered into third party platform providers to integrate customer on boarding, service delivery and cross selling on digital platforms. As on 31-03-2019, 60.91% of the Bank's transactions were done in non-branch channels.

आपके बैंक ने अपनी डिजिटल पहल को समर्थन प्रदान करने के लिए उत्कृष्ट डाटा विश्लेषण केंद्र एवं उत्कृष्ट नवोन्मेषी केंद्र की स्थापना करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं।

आधार सेवा केंद्र

सूचीबद्ध संस्था के अनुषंगियों से संबंधित अन्य कॉरपोरेट अभिशासन अपेक्षाएं	24(2),(3),(4),(5) एवं (6)	लागू नहीं
अधिकतम निदेशक पद एवं अवधि	25(1) एवं (2)	लागू नहीं
स्वतंत्र निदेशकों की बैठक	25(3) एवं (4)	जी हाँ
स्वतंत्र निदेशकों की पहचान	25(7)	जी हाँ
समिति में सदस्यता	26(1)	जी हाँ
निदेशक मंडल के सदस्यों एवं वरिष्ठ प्रबंधन वर्ग की आचार संहिता के अनुपालन का पुष्टीकरण	26(3)	जी हाँ
गैर-कार्यकारी निदेशकों द्वारा शेयरधारण का प्रकटीकरण	26(4)	जी हाँ
निदेशकों तथा वरिष्ठ प्रबंधन की बाध्यताओं से संबंधित नीति	26(2) & 26(5)	जी हाँ

III. पुष्टीकरण:

सूचीबद्ध संस्था के अनुषंगी से संबंधित महत्वपूर्ण अनुषंगी नीति तथा कॉरपोरेट अभिशासन अपेक्षाओं का सूचीबद्ध संस्था ने अनुपालन किया है।:- **हाँ**

कृते के के राव एसोसिएट्स
कंपनी सचिव

ह/-
शंकर कडियाला
साझेदार
सीपी.सं.: 12730

स्थान: हैदराबाद
दिनांक: 10.05.2019

Particulars	Regulation Number	Compliance status
Composition of Board of Directors ofunlisted material Subsidiary	24(1)	Yes
Other Corporate Governance requirements with respect to subsidiary of listed entity	24(2),(3),(4),(5) & (6)	NA
Maximum Directorship & Tenure	25(1) & (2)	NA
Meeting of independent directors	25(3) & (4)	Yes
Familiarization of independent directors	25(7)	Yes
Memberships in Committees	26(1)	Yes
Affirmation with compliance to code of conduct from members of Board of Directors and Senior management personnel	26(3)	Yes
Disclosure of Shareholding by Non-Executive Directors	26(4)	Yes
Policy with respect to Obligations of directors and senior management	26(2) & 26(5)	Yes

III. Affirmations:

The Listed Entity has approved Material Subsidiary Policy and the Corporate Governance requirements with respect to subsidiary of Listed Entity have been complied.:- **YES**

For K. K. Rao Associates
Company Secretaries

Sd/-
Shankar Kadiyala
Partner
CP. No: 12730

Place: Hyderabad
Date: 10.05.2019

अनुबंध-ए

वर्षांत 31.03.2019 के लिए सिंडिकेटबैंक की सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट

हमने निम्नलिखित की जांच की है:

ए) मेसर्स सिंडिकेटबैंक (सूचीबद्ध संस्था) द्वारा हमें उपलब्ध कराए गए सभी दस्तावेजों और अभिलेखों तथा तत्संबंधी स्पष्टीकरण,

बी) सूचीबद्ध संस्था द्वारा शेयर बाजार को उपलब्ध कराई गई फाइलिंग/प्रस्तुति,

सी) सूचीबद्ध संस्था की वेबसाइट,

डी) इस प्रमाण पत्र को जारी करने हेतु आवश्यक अन्य कोई संबंधित दस्तावेज़/फाइल,

निम्नलिखित प्रावधानों के अनुपालन के संबंध में वर्षांत (31.03.2019) ("समीक्षा अवधि") के लिए

ए) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड अधिनियम,1992 (सेबी अधिनियम) और उसके अंतर्गत जारी विनियम, परिपत्र, दिशानिर्देश और

बी) प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 (एससीआरए), और उसके अंतर्गत भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा बनाए गए नियम और जारी किए गए विनियम, परिपत्र,दिशानिर्देश

निर्दिष्ट विनियमनों जिनके प्रावधानों और तदनुसार जारी किए गए परिपत्रों/दिशानिर्देशों का परीक्षण किया गया है जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

ए) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण देयताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियमन, 2015;

बी) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (पूंजी निर्गम और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियमन, 2018;

सी) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (पर्याप्त शेयरों का अर्जन और अधिग्रहण) विनियमन, 2011;

डी) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों की पुनर्खरीद) विनियमन, 2018;

ई) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ) विनियमन, 2014;

एफ) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (ऋण प्रतिभूतियों का निर्गम एवं सूचीबद्धता) विनियमन, 2008;

जी) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (असंपरिवर्तनीय एवं प्रतिदेय अधिमानी शेयरों का निर्गम और सूचीकरण) विनियमन, 2013;

एच) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (अंतरंग व्यापार निषेध) विनियमन, 2015;

आई) (अन्य लागू विनियमन)

और तदनुसार जारी परिपत्र/दिशानिर्देश;

(नोट: विनियमनों की उपरोक्त सूची सांकेतिक हैं। समीक्षा अवधि के लिए सूचीबद्ध कंपनी की सभी संबंधित एवं लागू सेबी विनियमनों की सूची को जोड़ा जाएगा)

समीक्षा अवधि के दौरान उपरोक्त जांच के आधार पर हम एतद्द्वारा निम्नवत रिपोर्ट करते हैं:

ए) सूचीबद्ध कंपनी ने उपरोक्त प्रावधानों और तदनुसार जारी परिपत्रों/दिशानिर्देशों के अनुरूप सभी प्रावधानों का अनुपालन किया है।

बी) सूचीबद्ध कंपनी ने अभी तक उपरोक्त प्रावधानों और तदनुसार जारी परिपत्रों/दिशानिर्देशों के अनुरूप अभिलेखों का समुचित रख-रखाव किया है जो हमारे द्वारा उन अभिलेखों की जांच से पाया गया है।

सी) उपरोक्त अधिनियमों/विनियमनों और तदनुसार जारी परिपत्रों/दिशानिर्देशों के अंतर्गत (सेबी द्वारा विभिन्न परिपत्रों के माध्यम से जारी मानक परिचालन प्रक्रियाओं सहित) शेयर बाजार या सेबी द्वारा सूचीबद्ध संस्था/उसके प्रवर्तकों/निदेशकों/मुख्य अनुषंगी कंपनियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही का विवरण निम्नलिखित है:

क्रम सं.	किसके द्वारा कार्रवाई की गई	उल्लंघन का विवरण	कृत कार्यवाही का विवरण जैसे जुर्माना, चेतावनीपत्र, विवर्जित करना आदि	कंपनी सचिव के प्रेक्षण/ टिप्पणी, यदि कोई हो
समीक्षा अवधि के दौरान इस प्रकार की कोई घटना सामने नहीं आई है।				

Annexure - A

Secretarial compliance report of Syndicate Bank for the year ended 31-03-2019

We have examined:

(a) all the documents and records made available to us and explanation provided by M/s. Syndicate Bank ("the listed entity"),

(b) the filings/ submissions made by the listed entity to the stock exchanges,

(c) website of the listed entity,

(d) any other document/ filing, as may be relevant, which has been relied upon to make this certification,

for the year ended [31-03-2019] ("Review Period") in respect of compliance with the provisions of:

(a) the Securities and Exchange Board of India Act, 1992 ("SEBI Act") and the Regulations, circulars, guidelines issued thereunder; and

(b) the Securities Contracts (Regulation) Act, 1956 ("SCRA"), rules made thereunder and the Regulations, circulars, guidelines issued thereunder by the Securities and Exchange Board of India("SEBI");

The specific Regulations, whose provisions and the circulars/ guidelines issued thereunder, have been examined, include:-

(a) Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations,2015;

(b) Securities and Exchange Board of India (Issue of Capital and Disclosure Requirements) Regulations,2018;

(c) Securities and Exchange Board of India (Substantial Acquisition of Shares and Takeovers) Regulations,2011;

(d) Securities and Exchange Board of India(Buybackof Securities) Regulations,2018;

(e) Securities and Exchange Board of India (Share Based Employee Benefits) Regulations,2014;

(f) Securities and Exchange Board of India (Issue & Listing of Debt Securities) Regulations,2008;

(g) Securities and Exchange Board of India(Issue and Listing of Non- Convertible and Redeemable Preference Shares) Regulations,2013;

(h) Securities and Exchange Board of India (Prohibition of Insider Trading) Regulations,2015;

(i) (other regulations as applicable)

and circulars/ guidelines issued thereunder;

(Note: The aforesaid list of Regulations is only illustrative. The list of all SEBI Regulations, as may be relevant and applicable to the listed entity for the review period, shall be added.)

Based on the above examination, we hereby report that, during the Review Period:

(a) The listed entity has complied with the provisions of the above Regulations and circulars/ guidelines issued thereunder.

(b) The listed entity has maintained proper records under the provisions of the above Regulations and circulars/ guidelines issued thereunder insofar as it appears from our examination of those records.

(c) The following are the details of actions taken against the listed entity/ its promoters/ directors/ material subsidiaries either by SEBI or by Stock Exchanges (*including under the Standard Operating Procedures issued by SEBI through various circulars)* under the aforesaid Acts/ Regulations and circulars/ guidelines issued thereunder:

S.No.	Action taken by	Details of violation	Details of action taken E.g. fines, warning letter, debarment, etc.	Observations/ remarks of the Practicing Company Secretary, if any.
No Such Instances happened during the period under review				

डी) पिछले रिपोर्ट के प्रेक्षणों पर सूचीबद्ध कंपनी द्वारा निम्नलिखित कार्यवाही की गई है:

क्रम सं.	पिछले रिपोर्ट में कंपनी सचिव के प्रेक्षण	जिस वर्षांत के लिए सचिविक अनुपालन रिपोर्ट में प्रेक्षण किए गए हैं (वर्ष का उल्लेख करें)	सूचीबद्ध कंपनी द्वारा कृत कार्रवाई, यदि कोई हो	सूचीबद्ध कंपनी द्वारा कृत कार्रवाई पर कंपनी सचिव की टिप्पणी
1	तिमाही की समाप्ति के लिए सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट जारी करना	1-04-2018 से 30-06-2018 तक	नहीं	नहीं
2	तिमाही की समाप्ति के लिए सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट जारी करना	01-07-2018 से 30-09-2018 तक	नहीं	नहीं
3	30 सितंबर 2018 को समाप्त अर्धवर्ष के लिए सूचीकरण करार के विनियमन 40(9) के अंतर्गत प्रमाण पत्र जारी करना	01-04-2018 से 30-09-2018 तक	नहीं	नहीं
4	तिमाही की समाप्ति के लिए सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट जारी करना	01-10-2018 से 31-12-2018 तक	नहीं	नहीं
5	तिमाही की समाप्ति के लिए सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट जारी करना	01-01-2019 से 31-03-2019 तक	नहीं	नहीं
6	30 सितंबर 2018 को समाप्त अर्धवर्ष के लिए सूचीकरण करार के विनियमन 40(9) के अंतर्गत प्रमाण पत्र जारी करना	01-10-2018 से 31-03-2019 तक	नहीं	नहीं

कृते के के राव एवं एसोसियट्स
कंपनी सचिव

ह/-
शंकर कड़ियाला
साझेदार
एफसीएस: 9983
सीपी. सं: 12730

स्थान: हैदराबाद
तिथि : 18.04.2019

The listed entity has taken the following actions to comply with the observations made in previous reports:

S. No.	Observations of the Practicing Company Secretary in the previous reports	Observations made in the secretarial compliance report for the year ended… (The years are to be mentioned)	Actions taken by the listed entity, if any	Comments of the Practicing CompanySecretary on the actions taken by the listed entity
1	issue of secretarial audit report for the quarter ending	1-04-2018 to 30-06-2018.	No	No
2	issue of secretarial audit report for the quarter ending.	01-07-2018 to 30-09-2018.	No	No
3	issue of certificate under Regulation 40(9) of listing agreement for the half year Ending 30th September 2018.	01-04-2018 to 30-09-2018.	No	No
4	issue of secretarial audit report for the quarter ending.	01-10-2018 to 31-12-2018.	No	No
5	issue of secretarial audit report for the quarter ending.	01-01-2019 to 31-03-2019.	No	No
6	issue of certificate under Regulation 40(9) of listing agreement for the half year Ending 30th September 2018.	01-10-2018 to 31-03-2019.	No	No

For K. K. Rao & Associates
Company Secretaries

Sd/-
Shankar Kadiyala
Partner
FCS: 9983
CP. No: 12730

Place: Hyderabad
Date: 18.04.2019

निदेशक मंडल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी/मुख्य वित्त अधिकारी का प्रमाणन

[सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियमन, 2015 के विनियम 17(8) के अंतर्गत] मैं/हम प्रमाणित करता हूँ/करते हैं कि:

ए. मैंने/हमने वर्ष 2018-2019 के वित्तीय विवरणों और नकदी उपलब्धता विवरण की समीक्षा की है और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार:

1. इन विवरणों में कोई भी असत्य कथन शामिल नहीं है या किसी भी महत्वपूर्ण तथ्य को छोड़ा नहीं गया है या इसमें ऐसा कोई कथन शामिल नहीं है जो भ्रामक हो;
2. ये विवरण बैंक के कारोबार की सच्ची और सही तस्वीर प्रस्तुत करते हैं और उन्हें वर्तमान लेखा मानदण्डों, प्रायोज्य विधियों तथा विनियमों का अनुपालन करते हुए तैयार किया गया है ।

बी. हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार वर्ष 2018-19 के दौरान बैंक द्वारा ऐसा कोई लेन-देन नहीं किया गया है जो कपटपूर्ण, अवैध या बैंक की आचार संहिता का उल्लंघन करता हो।

सी. हम बैंक में वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए आंतरिक नियंत्रण स्थापित करने और उसका निर्वहन करने की जिम्मेदारी स्वीकार करते हैं और यह कि हमने वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया है और हमने आंतरिक नियंत्रण की रूपरेखा या परिचालन की विसंगतियों, यदि कोई हो, जिसकी हम भली भांति जानकारी रखते हैं, और इन विसंगतियों का परिशोधन करने के लिए उठाए गए या उठाए जाने वाले कदमों को लेखा परीक्षकों तथा लेखा परीक्षा समिति के ध्यान में लाया गया है ।

डी. हमने लेखा परीक्षकों और लेखा परीक्षा समिति को निम्नलिखित के संबंध में सूचना दी है:

1. वित्तीय रिपोर्ट पर आंतरिक नियंत्रण के मामलों में वर्ष 2018-19 के दौरान किए गए महत्वपूर्ण परिवर्तन;
2. वर्ष 2018-19 के दौरान लेखाकरण नीतियों में किए गए महत्वपूर्ण परिवर्तन और उनका उल्लेख वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों में किया गया है; और
3. हमारे ध्यान में लाए गए धोखाधड़ी के गंभीर मामले और उनमें प्रबंधक वर्ग या किसी कर्मचारी का शामिल होना, यदि कोई हो, जिसका व्यापक प्रभाव वित्तीय रिपोर्ट में बैंक के आंतरिक नियंत्रण पर पड़ता है ।

स्थान : बेंगलूरु	ह/	ह/
दिनांक : 10.05.2019	**मुख्य वित्त अधिकारी**	**मुख्य कार्यपालक अधिकारी**

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा घोषणा

दिनांक 31.03.2019 को समाप्त वर्ष के बैंक की आचार संहिता का **निदेशक मंडल** तथा बैंक के **वरिष्ठ प्रबंधन वर्ग** ने दृढ़तापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित किया है।

ह/-
(मृत्युञ्जय महापात्र)
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

स्थान : बेंगलूरु
दिनांक : 10.05.2019

CEO/CFO CERTIFICATION TO THE BOARD

(In terms of Regulation 17(8) of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015]

I/We Certify that -

A. I/We have reviewed financial statements and the cash flow statement for the year 2018-2019 and that to the best of our knowledge and belief:
   (1) These statements do not contain any materially untrue statement or omit any material fact or contain statements that might be misleading;
   (2) These statements together present a true and fair view of the Bank's affairs and are in compliance with existing accounting standards, applicable laws and regulations.

B. There are, to the best of our knowledge and belief, no transactions entered into by the Bank during the year 2018-2019 which are fraudulent, illegal or violative of the Bank's code of conduct.

C. We accept responsibility for establishing and maintaining internal controls for financial reporting and that we have evaluated the effectiveness of the internal control systems of the Bank pertaining to financial reporting and we have disclosed to the auditors and the audit committee, deficiencies in the design or operation of such internal controls, if any, of which we are aware of and the steps we have taken or propose to take to rectify these deficiencies.

D. We have indicated to the auditors and the Audit committee:
   (1) Significant changes in internal control over financial reporting during the year 2018-2019;
   (2) Significant changes in accounting policies during the year 2018-2019 and that the same have been disclosed in the notes to the financial statements; and
   (3) Instances of significant fraud of which we have become aware and the involvement therein, if any, of the management or an employee having a significant role in the Bank's internal control system over financial reporting.

Place : BENGALURU	**Sd/-**	**Sd/-**
Date : 10.05.2019	**CHIEF FINANCIAL OFFICER**	**CHIEF EXECUTIVE OFFICER**

DECLARATION BY MANAGING DIRECTOR & CEO

The Board of Directors and the **Senior Management Personnel** of the Bank have affirmed confirming to the Code of Conduct of the Bank for the year ended 31.03.2019.

Sd/-
(Mrutyunjay Mahapatra)
Managing Director &
Chief Executive Officer

Place : Bengaluru
Date : 10.05.2019

वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान बैंक केप्रमुख निष्पादन

कारोबार

- 31 मार्च 2019 की स्थिति में बैंक का वैश्विक कारोबार, अग्रिम तथा जमाराशि क्रमशः ₹4,77,046 करोड़, ₹2,17,149 करोड़ तथा ₹2,59,897 करोड़ रहा।
- घरेलू जमाराशि के लिए कासा अनुपात मार्च 2019 को बढ़कर 36.77% हो गया जबकि मार्च 2018 को यह 33.33% था।
- कुल मीयादी जमाराशि के लिए प्रतिशत के रूप में खुदरा मीयादी जमाराशि का हिस्सा मार्च 2019 को बढ़कर 66.45% हो गया जबकि यह मार्च 2018 को 56.56% था।

आस्ति गुणवत्ता

- बैंक का सकल एनपीए, मार्च 2018 के ₹25,759 करोड़ (11.53%) से घटकर मार्च 2019 की स्थिति में ₹24,680 करोड़ (11.37%) हो गया है।
- बैंक का निवल एनपीए, मार्च 2018 के ₹13,239 करोड़ (6.28%) से घटकर मार्च 2019 की स्थिति में ₹12,628 करोड़ (6.16%) हो गया है।
- बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात, मार्च 2018 के 60.71% की तुलना में मार्च 2019 की स्थिति में बढ़कर 66.43% हो गया है।
- उन्नयन व वसूली, वित्तीय वर्ष 2018-19 में बढ़कर ₹5685 करोड़ रहा जबकि वित्तीय वर्ष 2017-18 में यह ₹3740 करोड़ था।

लाभप्रदता

- बैंक की निवल ब्याज आय (एनएनआई), वित्तीय वर्ष 2017-18 के ₹6552 करोड़ से 1.47 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए वित्तीय वर्ष 2018-19 में ₹6648 करोड़ हो गई।
- बैंक का परिचालन लाभ, वित्तीय वर्ष 2017-18 के ₹3864 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान ₹2820 करोड़ हो गया। यह ह्रास मुख्यतः निवेशों की बिक्री में लाभ की कमी के कारण हुआ है।
- वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक की निवल हानि ₹3223 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान बैंक को ₹2587 करोड़ की निवल हानि हुई है। जबकि, बैंक ने वित्तीय वर्ष 2018-19 की तीसरी एवं चौथी तिमाही के दौरान क्रमशः ₹108 एवं ₹128 करोड़ का निवल लाभ दर्ज किया है।

मुख्य अनुपात

- जमा लागत वित्तीय वर्ष 2017-18 के 5.10 प्रतिशत की तुलना में वित्तीय वर्ष 2018-19 में 5.13 हो गया।
- अग्रिम पर प्रतिफल वित्तीय वर्ष 2017-18 के 7.51 प्रतिशत की तुलना में वित्तीय वर्ष 2018-19 में 7.52 हो गया।
- निवल ब्याज मार्जिन वित्तीय वर्ष 2017-18 के 2.44 प्रतिशत की तुलना में वित्तीय वर्ष 2018-19 में 2.42 हो गया।

पूँजी

- सीईटी 1 अनुपात मार्च 18 की स्थिति 7.56 से बढ़कर मार्च 19 को 9.31 हो गई।
- टियर 1 अनुपात मार्च 18 की स्थिति 9.41 से बढ़कर मार्च 19 को 11.36 हो गई।
- सीआरएआर 1 अनुपात मार्च 18 की स्थिति 12.24 से बढ़कर मार्च 19 को 14.23 हो गई।
- कुल आस्तियों में कुल जोखिम भारित आस्ति (आरडब्ल्यूए) अनुपात मार्च 18 की स्थिति 57 से घटकर मार्च 19 को 51 हो गई।
- सकल अग्रिम में ऋण जोखिम भारित आस्ति अनुपात मार्च 18 की स्थिति 68 से घटकर मार्च 19 को 60 हो गई।

Brief Review of Financial Performance for the FY 2018-19

Business

- Global business of the bank stood at ₹4,77,046 crore as on Mar. 19, Advances at ₹2,17,149 crore and Deposit at ₹2,59,897 crore.
- CASA % to Domestic Deposits have improved from 33.33% as on Mar. 18 to 36.77% as on Mar. 19.
- The share of Retail Term Deposits as a percentage to Total Term Deposits has also improved from 56.56% as on Mar. 18 to 66.45% as on Mar 19.

Assets Quality

- The Gross NPA declined to ₹24,680 crore (11.37%) as at Mar. 19 from ₹25,759 crore (11.53%) as at Mar. 18.
- The Net NPA declined to ₹12,628 crore (6.16%) as at Mar. 19 from ₹13,239 crore (6.28%) as at Mar. 18.
- Provision Coverage Ratio has improved from 60.71% as on Mar. 18 to 66.43% as on Mar. 19.
- Upgradation & Recovery increased to ₹5685 crore in the FY 2018-19 as against ₹3740 crore in FY 2017-18.

Profitability

- The Net Interest Income (NII) has improved by 1.47% from ₹6,552 crore in FY 2017-18 to ₹6,648 crore in FY 2018-19.
- Operating Profit of the Bank for FY 2018-19 is ₹2820 crore against ₹3,864 crore of FY 2017-18. The Reduction is mainly due to decrease in profit on sale of investment.
- The Bank incurred Net Loss of ₹2,587 crore for the FY 2018-19 compared to Net loss of ₹3,223 crore reported in its corresponding FY 2017-18. However, Bank has reported Net Profit of ₹128 crore in Q4 FY 2018-19 and ₹108 crore in Q3 FY 2018-19.

Key Ratio

- Cost of Deposit for FY 2018-19 is 5.13% against 5.10% for FY 2017-18.
- Yield on Advances for FY 2018-19 is 7.52% against 7.51% for FY 2017-18.
- Net Interest Margin for FY 2018-19 is 2.42% against 2.44% for FY 2017-18.

Capital

- The CET 1 Ratio as on Mar. 19 improved to 9.31% from 7.56% as on Mar. 18.
- The Tier 1 Ratio as on Mar. 19 improved to 11.36% from 9.41% as on Mar. 18.
- The CRAR Ratio as on Mar. 19 improved to 14.23% from 12.24% as on Mar. 18.
- The ratio of Total Risk Weighted Assets (RWA) to Total Assets has come down from 57% as on Mar. 18 to 51% as on Mar. 19.
- The ratio of Credit Risk Weighted Assets to Gross Advances has come down from 68% as on Mar. 18 to 60% as on Mar. 19.

31.03.2019 को समाप्त वर्ष के लिए बासेल III पिलर 3 का प्रकटीकरण

सिंडिकेट बैंक की स्थापना 1925 को केनरा इंडस्ट्रियल एंड बैंकिंग सिंडिकेट लिमिटेड के नाम से प्रधानत: स्थानीय बुनकरों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए कर्नाटक राज्य के उडुपि में हुई। 1963 में बैंक ने अपने नाम को केनरा इंडस्ट्रियल एंड बैंकिंग सिंडिकेट लि. से सिंडिकेट बैंक लिमिटेड में बदल दिया। 1969 में बैंक राष्ट्रीयकृत होकर एक सार्वजनिक क्षेत्रक बैंक बना।

31 मार्च 2019 को बैंक में भारत सरकार का हिस्सा 84.61% रहा है। बैंक के शेयर, मुंबई शेयर बाजार (बीएसई: 532276) और राष्ट्रीय शेयर बाजार (एनएसई: सिंडिबैंक) की सूची में हैं।

भारतीय रिज़र्व बैंक ने भारत में बासेल III पूँजी विनियामक कार्यान्वयन की तिथि 1 अप्रैल 2013 से प्रभावी निर्धारित किया है । बैंकों द्वारा बासेल III पूँजी विनियामक के तहत निर्धारित नियामक पूँजी सीमा तथा निम्नतम सीआरएआर का अनुपालन निरंतर रूप से किया जाना है। बासेल III में सुचारू रूप से परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए, निम्नतम बासेल पूँजी अनुपात, पूँजी की घटकों का पूर्ण नियामक समायोजन आदि की प्राप्ति के लिए उचित परिवर्ती व्यवस्थाएं की गई हैं । बासेल III पूँजी विनियमन जिसका पूर्ण कार्यान्वयन 31 मार्च 2019 तक पूरा किया जाना अपेक्षित था को अब बढ़ाकर 31 मार्च 2020 कर दिया गया है।

प्रयोग की परिधि तथा पूँजी पर्याप्तता

पिलर 3 प्रकटीकरण सिंडिकेटबैंक पर लागू है तथा समेकित संस्था होने के नाते बैंक द्वारा पूँजी पर्याप्तता अनुपात का अनुपालन दो स्तरों पर अपेक्षित है ।

ए) समेकित (''समूह'') स्तर की पूँजी पर्याप्तता अनुपात अपेक्षाएं, जो बैंक की ऐसी संस्थाएं जो बीमा तथा गैर-वित्तीय कार्यकलापों में जुड़ी हैं, को छोड़कर बैंक की अनुषंगियों/संयुक्त उद्यमों/ सहयोगियों आदि की परिसंपत्तियों तथा देयताओं का समेकन कर इसकी पूंजी शक्ति तथा जोखिम प्रोफाइल के आधार पर बैंक की पूंजी पर्याप्तता की माप करता है; तथा

बी) स्टैंडएलोन (''एकल'') स्तर की पूंजी पर्याप्तता अपेक्षाएं, जो बैंक की स्टैंडएलोन पूंजी शक्ति तथा जोखिम प्रोफाइल के आधार पर बैंक की पूंजी पर्याप्तता की माप करता है।

अपनी लंदन स्थित शाखा के माध्यम से किए जाने वाले सिंडिकेटबैंक के विदेशी परिचालन को उपरोक्त दोनों परिदृश्यों के अंतर्गत दर्शाया जाता है।

सारणी डी एफ-1: प्रयोग की परिधि

i. **गुणात्मक प्रकटीकरण**

पूंजी पर्याप्तता के लिए समेकन आधार

पूंजी पर्याप्तता के लिए विचारणीय संस्थाओं में बैंक की अनुषंगियों, सहयोगियों तथा संयुक्त उद्यम शामिल हैं जो भारतीय रिज़र्व बैंक के निदेशानुसार विवेकपूर्ण समेकित रिपोर्ट तैयार करने की परिधि में उल्लिखित बैंकिंग या वित्तीय प्रकृति के कार्यकलापों का निर्वहन करते हैं।

Basel- III, Pillar 3 Disclosures for the quarter ended 31.03.2019

Syndicate Bank was established in 1925 in Udupi in Karnataka State as Canara Industrial and Banking Syndicate Ltd., mainly to provide financial assistance to local weavers. In 1963, the Bank changed its name from Canara Industrial and Banking Syndicate Ltd. to Syndicate Bank Ltd. In 1969, the Bank was nationalised and became a Public Sector Bank.

As of 31st March 2019, the Government of India has held 84.61% stake in the Bank. The Bank's shares are listed with Bombay Stock Exchange (BSE: 532276) and the National Stock Exchange (NSE: SYNDIBANK).

RBI has prescribed implementation of the Basel III capital regulations in India with effect from April 1, 2013. Banks have to comply with the regulatory capital limits and minimum CRAR as prescribed under Basel III capital regulations, on an ongoing basis. To ensure smooth transition to Basel III, appropriate transitional arrangements have been provided for meeting the minimum Basel III capital ratios, full regulatory adjustments to the components of capital etc. Basel III capital regulations, which was supposed to be fully implemented by March 31, 2019, has been further extended upto March 31, 2020.

Scope of Application and Capital Adequacy

Pillar 3 disclosures apply to Syndicate Bank and Bank, being a consolidated entity, has to comply with the capital adequacy ratio requirements at two levels:

a) Consolidated ("Group") level capital adequacy ratio requirements, which measure the capital adequacy of a bank based on its capital strength and risk profile after consolidating the assets and liabilities of its subsidiaries / joint ventures / associates etc. except those engaged in insurance & any non-financial activities; and

b) Standalone ("Solo") level capital adequacy ratio requirements, which measure the capital adequacy of a Bank based on its standalone capital strength and risk profile.

Overseas operations of Syndicate Bank through its branch in London are covered in both the above scenarios.

Table DF-1: Scope of Application

i. **Qualitative Disclosures**

Basis of consolidation for capital adequacy

The entities considered for consolidation for capital adequacy include subsidiaries, associates and joint ventures of the Bank, which carry on activities of banking or financial nature as stated in the scope for preparing consolidated prudential reports as prescribed by RBI.

समेकन के लिए विचार करने योग्य समूह संस्थाओं की सूची (लेखांकन/नियामक)

संस्था का नाम/उद्गम देश	क्या संस्था समेकन की लेखांकन परिधि में है (हाँ/नहीं)	समेकन की विधि बताएं (लेखांकन परिधि)	समेकन विधि में अंतर के कारण दें	यदि केवल एक ही समेकन परिधि के भीतर है तो इसके कारण स्पष्ट करें
सिंडबैंक सर्विसेज लिमिटेड (भारत)	हाँ	एएस 21 सिलसिलेवार तरीके से	गैर वित्तीय अनुषंगी (100% स्वामित्व वाली)	नियामक पूंजी से घटायी गई
प्रथमा बैंक (भारत)	हाँ	एएस 23 ईक्विटी विधि से	सहयोगी	पूँजी पर्याप्तता प्रयोजन हेतु जोखिम भारित
कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक (भारत)	हाँ	एएस 23 ईक्विटी विधि से	सहयोगी	
आंध्रा प्रगति ग्रामीण बैंक (भारत)	हाँ	एएस 23 ईक्विटी विधि से	सहयोगी	

समेकन की लेखांकन तथा विनियामक परिधियों के अंतर्गत समेकन हेतु विचार न किए जाने योग्य समूह संस्थाओं की सूची।

सिंडिकेटबैंक में ऐसी कोई समूह संस्था नहीं है जो समेकन की लेखांकन संभाव्यता तथा समेकन की विनियामक संभाव्यता दोनों की परिधि के तहत विचारणीय न हों ।

ii. **परिमाणात्मक प्रकटीकरण**

ए) समेकन के लिए विचार किए जाने योग्य समूह संस्थाओं की सूची (विनियामक संभाव्यता):

शून्य

बी) समस्त अनुषंगियों में पूँजी अपर्याप्तता की कुल रकम जो समेकन की विनियामक क्षेत्र में शामिल नहीं है अर्थात जिन्हें घटा दिया गया हो:

शून्य

सी) बीमा कंपनियों में बैंक की कुल ब्याज की सकल राशि (जैसे चालू बही मूल्य) जो जोखिम भारित है:

बैंक का बीमा कंपनियों में किसी प्रकार का निवेश नहीं है।

डी) बैंकिंग समूह में निधियों के अंतरण अथवा नियामक पूँजी में किसी प्रकार का गतिरोध अथवा बाधा:

कुछ नहीं

List of group entities considered for consolidation (Accounting/Regulatory)

Name of the Entity/Country of incorporation	Whether the entity is Included under Accounting scope of Consolidation (Yes/ No)	Explain the method of consolidation (Accounting scope)	Explain the reasons for difference in the method of Consolidation	Explain the reasons if consolidated under only one of the scope of Consolidation
Syndbank Services Limited (India)	Yes	AS 21 line–by–line basis	Non-Financial subsidiary (100% owned)	Deducted from Regulatory Capital
Prathama Bank (India)	Yes	AS 23 Equity Method	Associate	Risk Weighted for Capital adequacy purposes
Karnataka Vikas Grameena Bank (India)	Yes	AS 23 Equity Method	Associate	
Andhra Pragathi Grameena Bank (India)	Yes	AS 23 Equity Method	Associate	

a list of group entities not considered for consolidation both under the accounting and regulatory scope of consolidation

There are no group entities of Syndicate Bank that are not considered for consolidation under both the accounting scope of consolidation and regulatory scope of consolidation.

ii. **Quantitative Disclosures:**

a) List of group entities considered for consolidation (Regulatory scope):

Nil

b) The aggregate amount of capital deficiencies in all subsidiaries which are not included in the regulatory scope of consolidation i.e. that are deducted:

Nil

c) The aggregate amounts (e.g. current book value) of the bank's total interests in insurance entities, which are risk-weighted:

Bank does not have any investment in insurance entities.

d) Any restrictions or impediments on transfer of funds or regulatory capital within the banking group:

Nil

सारणी डीएफ–2: पूँजी पर्याप्तता

i. **गुणात्मक प्रकटीकरण**

पूँजी निर्धारण: बैंक के पास अपनी जोखिम प्रोफाइल के संबंध में अपेक्षित पूँजी पर्याप्तता का निर्धारण करने के लिए एक प्रक्रिया है और अपनी पूँजी स्तरों के अनुरक्षण के लिए एक कार्यनीति है। यह प्रक्रिया एक प्रकार से आश्वासन देती है कि बैंक के कारोबार में निहित सभी जोखिमों के समर्थन में बैंक के पास पर्याप्त पूँजी बफर उपलब्ध हैं। बैंक, मजबूत अभिशासन तथा नियंत्रणकारी उपायों, मजबूत जोखिम प्रबंधन ढाँचा तथा पूँजी गणना एवं योजना के लिए निर्धारित विस्तृत प्रक्रिया के माध्यम से उसे होनेवाले समस्त जोखिमों का व्यापक रूप से पहचान, निर्धारण तथा प्रबंधन करता है।

बैंक के पास बोर्ड द्वारा अनुमोदित एक व्यापक तनाव आंतरिक पूँजी पर्याप्तता निर्धारण प्रक्रिया (आईसीएएपी) तथा दबाव परीक्षण नीति है जिसका अनुपालन 2008 से किया जा रहा है। बैंक द्वारा अपनी आंतरिक पूँजी पर्याप्तता निर्धारण प्रक्रिया (आईसीएएपी) में प्राप्त अनुभवों व सुविधाओं तथा आरबीएस/पर्यवेक्षी समीक्षा एवं मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा दिए गए सुझावों/टिप्पणियों के आधार पर परिवर्तन/संशोधन किया जाता है। इस प्रकार का अंतिम संशोधन दि. 12.09.2018 को हुआ है।

बैंक की वित्तीय स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव डालनेवाले ऐसे समस्त जोखिमों के महत्व की पहचान तथा मूल्यांकन के लिए बैंक के पास आंतरिक पूँजी पर्याप्तता निर्धारण प्रक्रिया में संरचनागत प्रबंधन ढाँचा उपलब्ध है। बैंक अपने कारोबार में निम्नलिखित जोखिमों को महत्वपूर्ण मानता है; अतएव इन्हें आईसीएएपी में स्थान प्रदान किया गया है।

(ए) ऋण जोखिम

(बी) ऋण संकेंद्रण जोखिम

- एकल उधारकर्ता संकेंद्रण
- समूह संकेंद्रण
- उद्योग संकेंद्रण
- पर्याप्त एक्सपोज़र

(सी) बाज़ार जोखिम (पिलर 1 के अंतर्गत न आनेवाले)

(डी) परिचालन जोखिम (पिलर 1 के अंतर्गत न आनेवाले)

(ई) तरलता जोखिम

(एफ) बैंक बही में ब्याज दर जोखिम

आईसीएएपी के पिलर 2 में आनेवाले अन्य जोखिम: उपर्युक्त जोखिमों के अतिरिक्त बैंक निम्नलिखित जोखिमों को भी पिलर 2 के अंश के रूप में मानते हुए इनका आकलन गुणात्मक/मात्रात्मक तरीके से करता है ।

(ए) प्रतिष्ठा संबंधी जोखिम

(बी) कार्यनीति जोखिम

Table DF-2: Capital Adequacy

i. **Qualitative Disclosures**

Assessment of capital: The Bank has a process for assessing its overall capital adequacy in relation to the Bank's risk profile and a strategy for maintaining its capital levels. The process provides an assurance that the Bank has adequate capital to support all risks inherent to its present business and to support the planned business growth and an appropriate capital buffer based on its business profile. The Bank identifies, assesses and manages comprehensively all risks that it is exposed to, through sound governance and control practices, robust risk management framework and an elaborate process for capital calculation and planning.

Bank has, Board approved comprehensive Internal Capital Adequacy Assessment Process (ICAAP) and Stress Test Policy which was adopted since 2008. Bank has been modifying/revising the ICAAP policy on an annual basis based on the experience gained, sophistication achieved and also as per the suggestions/observations made by RBI during its RBS/ Supervisory Review and Evaluation Process. The last such revision was done on 12.09.2018.

The Bank has a structured management framework in the Internal Capital Adequacy Assessment Process for the identification and evaluation of the significance of all risks that the Bank faces, which may have an adverse material impact on its financial position. The Bank considers the following as material risks; it is exposed to, in the normal course of its business and therefore, factors these in ICAAP

(a) Credit Risk

(b) Credit Concentration Risk

- Single Borrower concentration
- Group Concentration
- Industry concentration
- Substantial exposure

(c) Market Risk (not covered under Pillar I)

(d) Operational Risk (not covered under Pillar I)

(e) Liquidity Risk

(f) Interest Rate Risk in Banking Book

Other Risks covered as part of Pillar 2, in ICAAP: In addition to the above mentioned risks, Bank also assesses the following risks as part of Pillar 2 in quantitative/qualitative manner:

(a) Reputational Risk

(b) Strategic Risk

(सी) मॉडल जोखिम

(डी) पेंशन दायित्व जोखिम

(ई) निपटान जोखिम

(एफ) सामूहिक जोखिम

(जी) प्रमुख कार्मिकों की कमी

बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों, जो बैंक के आईसीएएपी का अभिन्न भाग है, को ध्यान में रखकर बोर्ड द्वारा अनुमोदित तनाव परीक्षण ढाँचा का कार्यान्वयन किया है तथा तनावपूर्ण परिस्थितियों का निपटान करने के लिए बैंक की अपेक्षित पूँजी आवश्यकताओं का निर्धारण करने और इस निर्धारण से लाभ पर बैंक द्वारा परिकल्पित प्रभाव का आकलन भी करता है।

तनाव परीक्षण का उद्देश्य बैंक संविभाग की गुणवत्ता पर विविध ''झटकों'' के असर का आकलन करना तथा ऐसी घटना होने पर इन झटकों से उबारने की बैंक की क्षमता का निर्धारण करना है। जब ऐसी घटनाएँ वास्तव में घटित होती है तो, बैंक के आस्तियों की गुणवत्ता में कमी आती है जिससे बैंक का लाभ घटता है या बैंक अधिक पूंजी रखने पर मजबूर हो जाता है।

बैंक के सीआरएआर तथा आय पर प्रभाव के निर्धारण के लिए तिमाही आधार पर दबाव परीक्षण किया जाएगा ।

बैंक, दबाव परीक्षण के अंतर्गत निम्नलिखित जोखिमों पर असर का आकलन करता है:

(ए) ऋण जोखिम

- अनर्जक आस्तियाँ
- पुनर्संरचित आस्तियाँ
- संपार्श्विक
- संकेंद्रण जोखिम

(बी) बाज़ार जोखिम

- विदेशी विनिमय जोखिम
- ब्याज दर जोखिम
  - व्यापार बही
  - बैंकिंग बही
- ईक्विटी मूल्य जोखिम

(सी) तरलता जोखिम

दबाव परीक्षण हेतु मुख्यतः दो महत्वपूर्ण श्रेणियाँ प्रयोग में लाई जाती हैं; सेंसिटिविटी परीक्षण तथा सिनारियो एनालिसिस।

(c) Model Risk

(d) Pension Obligation Risk

(e) Settlement Risk

(f) Group Risk

(g) Loss of Key Personnel

The Bank has implemented a Board approved Stress Testing Framework taking into consideration RBI guidelines which forms an integral part of the Bank's ICAAP and provides an assessment of the capital requirement and impact on Profits of the Bank under stressed conditions envisaged by the Bank.

The purpose of stress testing is to assess the impact of various 'shocks' on quality of the bank's portfolio and an assessment of the bank's ability to withstand such shocks if such an event materializes. When such events actually take place, the quality of assets held by a bank will deteriorate and may lead to reduced profits or constrain the bank to keep more capital.

In order to assess the impact on CRAR and income of the bank, the Stress Test will be conducted on quarterly basis.

The Bank assesses the impact on the following risks, as part of Stress Test:

(a) Credit Risk

- Non-performing assets
- Restructured assets
- Collateral
- Concentration Risk

(b) Market Risk

- Foreign Exchange Risk
- Interest rate Risk
  - Trading Book
  - Banking Book
- Equity Price Risk

(c) Liquidity Risk

The two broad categories of stress tests used are sensitivity tests and scenario analysis.

ii. **परिमाणात्मक प्रकटीकरण**

ए) ऋण जोखिम के लिए पूँजी की आवश्यकता:

विवरण	रकम (₹ मिलियन में)
वह संविभाग जो मानकीकृत दृष्टिकोण के अधीन है	141,506.36
प्रतिभूतीकरण एक्सपोज़र*	-
कुल	**141,506.36**

* बैंक के पास प्रतिभूतीकरण के लिए किसी प्रकार का एक्सपोज़र नहीं है।

बी) बाज़ार जोखिम के लिए पूँजी अपेक्षाएँ :

मानकीकृत अवधि दृष्टिकोण	रकम (₹ मिलियन में)
ब्याज दर जोखिम	10,632.56
विदेशी मुद्रा जोखिम (सोना सहित)	122.34
ईक्विटी जोखिम	2,808.12
कुल	**13,563.01**

सी) परिचालन जोखिम के लिए पूंजी अपेक्षाएँ :

विवरण	रकम (₹ मिलियन में)
मूल संकेतक दृष्टिकोण	18,502.00

डी) कॉमन ईक्विटी टियर1, टियर 1 और कुल पूँजी अनुपात (बासेल III):

विवरण	%
कॉमन ईक्विटी टियर 1 अनुपात (सीसीबी सहित)	9.31%
अतिरिक्त टियर 1 अनुपात	2.05%
टियर 1 अनुपात (सीसीबी सहित)	11.36%
टियर 2 अनुपात	2.87%
कुल पूंजी अनुपात (सीसीबी सहित)	14.23%

iii. **जोखिम एक्सपोजर और मूल्यांकन**

ए. ऋण जोखिम

ए) परिभाषा: ऋण जोखिम को, प्रतिपक्षकार के ऋण की गुणवत्ता में होनेवाले ह्रास से जुड़ी हुई संभाव्य हानि के रूप में परिभाषित किया जाता है। बैंक के संविभाग में, ग्राहक या प्रतिपक्षकार द्वारा उधार, व्यापार, समझौता और अन्य वित्तीय लेन-देन से संबंधित दायित्व की पूर्ति में क्षमता के अभाव से या अनिच्छा से भुगतान में चूक होने से हानि उत्पन्न होती है। इससे विकल्पतः वास्तविक या आस्तियों की ऋण गुणवत्ता में अवनति से उत्पन्न संविभाग मूल्य में कमी के कारण हानि उत्पन्न होगी।

बी) ऋण जोखिम कार्यनीति: ऋण जोखिम प्रबंधन ढाँचे का एक महत्वपूर्ण घटक ऋण जोखिम कार्यनीति है। बैंक के पास ऋण जोखिम प्रबंधन के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सुदृढ़ ऋण जोखिम

ii. **Quantitative Disclosures:**

a) Capital requirement for Credit risk:

Particulars	Amount (₹ in Millions)
Portfolios subject to Standardized Approach	141,506.36
Securitization exposures*	-
Total	**141,506.36**

* Bank does not have any exposure to securitization transactions

b) Capital requirements for Market risk:

Standardized Duration Approach	Amount (₹ in Millions)
Interest rate risk	10,632.56
Foreign exchange risk (including gold)	122.34
Equity risk	2,808.12
Total	**13,563.01**

c) Capital requirements for Operational risk:

Particulars	Amount (₹ in Millions)
Basic indicator approach	18,502.00

d) Common Equity Tier 1, Tier 1 and Total Capital ratios (Basel III):

Particulars	%
Common Equity Tier 1 Ratio (incl. CCB)	9.31%
Additional Tier 1 Ratio	2.05%
Tier 1 Ratio (incl. CCB)	11.36%
Tier 2 Ratio	2.87%
Total Capital Ratio (incl. CCB)	14.23%

iii. **Risk Exposure and Assessment**

A. Credit Risk

a) Definition: Credit Risk is defined as the possibility of losses associated with diminution in the credit quality of counterparties. In a Bank's portfolio, losses stem from outright default due to inability or unwillingness of a customer or counterparty to meet commitments in relation to lending, trading, settlement and other financial transactions. Alternatively, losses result from reduction in portfolio value arising from actual or perceived deterioration in credit quality of the assets.

b) Credit Risk Strategy: One of the key components of credit risk management framework is credit risk strategy. Bank has sound credit risk strategy to meet the objectives of

कार्यनीति है। बैंक की ऋण जोखिम कार्यनीति बैंक के ऋण सिद्धांत के अनुरूप है, जो गुणवत्तापरक आस्तियों, लाभप्रद संबंध और विवेकपूर्ण वृद्धि पर जोर देता है।

तदनुसार, बैंक की ऋण जोखिम कार्यनीति निम्नांकित सिद्धांतों पर आधारित है:

- बैंक के ऋण प्रदान करने की प्रक्रिया के अंतर्गत सावधानीपूर्वक उधारकर्ताओं का चयन किया जाता है और विवेकपूर्ण रूप से ऋणों की मंजूरी की जाती है।
- उपार्जन या उसके परिमाण के लिए ऋण की गुणवत्ता में समझौता न किया जाए। कारोबार वृद्धि का उद्देश्य ग्राहक आधार को बढ़ाने, क्षेत्रवार विविधीकरण और भौगोलिक वितरण के माध्यम से ऋण जोखिमों को कम करना है।
- बैंक की ऋण जोखिम कार्यनीति, यह सुनिश्चित करती है कि वह साइक्लिकल इकनॉमिकल ट्रेंड को दूर करे ताकि ऋण संरचना में हुए परिवर्तन का प्रतिकूल प्रभाव ऋण संविभाग की समग्र गुणवत्ता पर न पड़े।

बैंक अपनी ऋण जोखिम कार्यनीतियों की पूर्ति के लिए निम्नांकित प्रक्रियाओं को अपनाता है:

- सक्रिय जोखिम प्रबंधन पद्धतियों की स्थापना
- ऋण मंजूरी से ऋण जोखिम प्रबंधन कार्य को अलग करना
- जोखिम आधारित मूल्यांकन और मंजूरी
- बहुस्तरीय ऋण स्वीकृति प्रणाली
- रकम, लेन-देन जोखिमों और रेटिंग के आधार पर विभेदकारी मंजूरी स्तर
- स्वतंत्र ऋण समीक्षा तंत्र
- समस्यावाले/कमज़ोर ऋण एक्सपोजर पर केंद्रीकृत ध्यान
- निम्न गुणवत्ता की आस्तियों के मामले में समीक्षा/निर्गम
- ऋण की उच्चतम सीमाओं का जोखिम आधारित प्रबंधन
- ऋण जोखिम का अधिग्रहण, विश्लेषण और मापन
- जोखिम आधारित कीमत निर्धारण
- विशेषीकृत उधार पर केंद्रीकृत दृष्टिकोण। यह बृहद/मिड कॉरपोरेट शाखाओं, आवास ऋणों के लिए केंद्रीकृत प्रसंस्करण केंद्र आदि की स्थापना के जरिए किया जाता है।
- चालू एक्सपोजर और एनपीए स्तरों के आधार पर कम प्राथमिकतावाले उद्योगों की पहचान।

इस प्रकार कार्यनीति आर्थिक क्रियाकलाप का स्वरूप, भौगोलिक स्थान, मुद्रा, बाजार, परिपक्वता और प्रत्याशित लाभप्रदता के आधार पर ऋण प्रदान करने में बैंक की रुचि का

credit risk management. Bank's Credit Risk Strategy is in consonance with credit philosophy of the Bank, which emphasizes quality assets, profitable relationships and prudent growth.

Accordingly, Bank's Credit Risk Strategy is guided by the following principles:

- Credit granting process of the Bank would be marked by careful assessment in selecting borrowers and prudence in approving loans.
- Credit quality shall not be compromised for the sake of earnings or volumes. The business development would aim to diffuse credit risks through broadening of the client base, sectoral diversification and geographical distribution.
- Credit Risk strategy of the Bank would also seek to mitigate the cyclical economic trends and ensure that, the shifts in the composition of credit do not have an adverse effect on overall quality of the credit portfolio.

Bank employs the following processes to accomplish its credit risk strategies:

- Establishment of pro-active risk management practices
- Separation of credit risk management functions from credit sanction
- Risk based appraisal and sanction
- Multi-tiered credit approval system
- Discriminatory sanction levels based on amount, transaction risks and rating
- Independent loan review mechanism
- Focused attention on problem/weak credit exposures
- Review/exit in case of low quality assets.
- Risk driven management of credit ceilings or limits
- Capture, Analysis and Measurement of Credit Risk
- Risk based pricing
- Focused approach to specialized lending. This is being done through establishment of Large/Mid-corporate branches, Centralized Processing Centre for Housing Loan
- Identify Low Priority Industries based on the current exposure and NPA levels

Thus the strategy would determine the Bank's willingness to grant loans based on the type

निर्धारण करेगी। इससे लक्षित बाजारों और कारोबार क्षेत्रों की पहचान, अधिमान्य स्तर का विविधीकरण और संकेंद्रीकरण, ऋण प्रदान करने में पूँजी की लागत और अशोध्य ऋण की लागत को अवश्य पता लगाया जा सकता है।

सी) ऋण जोखिम प्रबंधन प्रणाली :

ऋण जोखिम प्रबंधन प्रणाली में निम्नांकित मदें शामिल हैं :

i. **जोखिम की पहचान:** बैंक के पास ऋण जोखिम को पहचानने या पता लगाने की पद्धतियाँ और प्रक्रियाएँ हैं। समय पर जोखिम की पहचान करने से बैंक समय पर सुधारात्मक कार्रवाई कर सकता है।

ii. **जोखिम का निर्धारण:** एक खास जोखिम श्रेणी के अंतर्गत उधारकर्ता की रेटिंग और उसका वर्गीकरण करते हुए जोखिम का निर्धारण किया जाता है। प्रत्येक जोखिम श्रेणी संविभाग में अन्य ग्राहकों की तुलना में उधारकर्ता का जोखिम स्तर इंगित करता है। जोखिम निर्धारण को ग्रेडिंग तथा तुलना के उद्देश्य से परिमाणित किया जाता है।

iii. **जोखिम की निगरानी**: यदि एक बार जोखिम की पहचान और निर्धारण कर लिया जाता है, तो बैंक निरंतर रूप से उसकी निगरानी करता है और सुनिश्चित करता है कि जोखिम संभालने की स्थिति में है। आस्ति की गुणवत्ता को रक्षित करने और एनपीए से बचाने के लिए बैंक की जोखिम निगरानी एक महत्वपूर्ण साधन है।

iv. **जोखिम का नियंत्रण व न्यूनीकरण:** जोखिम नियंत्रण को, 'विशेष उल्लिखित खाते' के अंतर्गत वर्गीकृत खातों की निरंतर निगरानी के जरिए, बैंक के 'ऋण निगरानी एवं समीक्षा विभाग' नामक विशेष विभाग द्वारा सुनिश्चित किया गया है। आस्ति गुणवत्ता में हुई गिरावट के संकेत एवं संवेदनशील क्षेत्रों के एक्सपोज़र की निगरानी मासिक आधार पर की जाएगी। जोखिम को कम करने के प्रयास किए जाते हैं। संपार्श्विक प्रतिभूतियों और गारंटियों को प्राप्त करते हुए जोखिम को कम किया जाता है।

डी) ऋण जोखिम प्रबंधन:

बैंक में स्वतंत्र ऋण जोखिम प्रबंधन विभाग कार्यरत है, जिसका संचालन महा प्रबंधक द्वारा किया जाता है और वे ऋण जोखिम, बाजार जोखिम, परिचालन जोखिम और कुल मि लाकर सभी जोखिमों को नियंत्रित करने के लिए जिम्मेदार हैं। यह विभाग, ऋण विभाग और अन्य परिचालन एवं निर्णय लेने की प्रक्रियाओं से अलग रहकर स्वतंत्र रूप से कार्य करता है। यह विभाग विभिन्न घटकों में जोखिमों को पहचानने, निर्धारण करने, निगरानी करने और नियंत्रण करने तथा कम करने की ओर ध्यान केंद्रित करता है।

of economic activity, geographical location, currency, market, maturity and anticipated profitability. This would necessarily translate into the identification of target markets and business sectors, preferred levels of diversification and concentration, cost of capital in granting credit and cost of bad debts.

c) Credit Risk Management System:

The credit risk management system encompasses the following:

i. **Identification of Risk:** Bank has methods and procedures to identify or locate the credit risk. Timely identification of risk will enable the Bank to initiate timely corrective action.

ii. **Assessment of Risk:** Assessment is done by rating the borrower and classifying the borrower under a particular risk grade. Each risk grade indicates the relative riskiness of the borrower vis-à-vis others in the portfolio. Risk assessment is quantified for the purpose of grading and comparison.

iii. **Monitoring of Risk:** Once the risk is identified and assessed, Bank continuously monitors and ensure that the risk remains within manageable limits. Risk monitoring is an important tool of the Bank to protect the quality of the asset and avoid slippage to NPA.

iv. **Control and Mitigation of Risk:** Controlling of risk is ensured by the Continuous monitoring undertaken in respect of 'Special Mention Accounts' by the bank under a separate vertical called Credit Monitoring and Review department showing signs of slippage in asset quality and monitoring of exposure to sensitive sectors are undertaken on a monthly basis. Efforts are made to mitigate the risk. Risk is mitigated by way of obtaining collaterals or guarantees.

d) Credit Risk Governance:

The Bank has an independent Risk Management Department, which is headed by General Manager and is responsible for managing credit risk, market risk, operational risk and integration of all risks. The department functions independent of Credit Department and other operations and decision making processes. The Risk Management Department focuses on identification, assessment, monitoring and controlling and mitigating of risks across various segments.

ई) संगठनात्मक संरचना:

बैंक ने सुदृढ़ तथा व्यापक ऋण जोखिम प्रबंधन ढाँचे का कार्यान्वयन किया है। निदेशक मंडल ऋण जोखिम प्रबंधन की पूरी जिम्मेदारी लेता है और ऋण जोखिम प्रबंधन नीति और तत्संबंधी कार्यनीतियों का निर्णय करता है तथा विवेकपूर्ण एवं अन्य सीमाओं को करता है। जोखिम प्रबंधन विभाग की संरचना निम्नवत है :



1. **निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी):** जोखिम प्रबंधन समिति, मंडल की उप-समिति है, जिसका संचालन अध्यक्ष द्वारा किया जाता है, जो समन्वित जोखिम प्रबंधन के लिए नीति और कार्यनीति बनाते हैं, जिसमें ऋण जोखिम सहित बैंक के विभिन्न जोखिम एक्सपोज़र शामिल हैं। यह समिति ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी), आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ) तथा परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) के कार्य की समीक्षा करती है और इन समितियों की सिफारिशों पर विचार करती है। आरएमसी की निम्नलिखित जिम्मेदारियाँ हैं:

   ए) बैंक की जोखिम कार्यनीतियों, जोखिम नीतियों, जोखिम-वहन क्षमता और जोखिम की सहनशीलता का निर्धारण।

   बी) ऋण जोखिम, बाज़ार जोखिम और परिचालनगत जोखिम के मापन/प्रबंधन/निगरानी/रिपोर्टिंग के लिए नीतियाँ और मार्गदर्शी सिद्धांत तैयार करना। ऋण नीति, ऋण जोखिम नीति, फोरेक्स (विदेशी मुद्रा) राजकोष नीति एवं परिचालनगत मार्गदर्शी सिद्धांत, घरेलू राजकोष नीति और परिचालनगत मार्गदर्शी सिद्धांत, एएलएम नीति, परिचालनगत जोखिम नीति आदि सभी संबद्ध नीतियों का अनुमोदन प्रदान करना।

   सी) विभिन्न जोखिमों को विश्लेषित करने, मापन करने और निगरानी के लिए प्रक्रियाओं को अनुमोदन देना, जो बैंक के कारोबार में होनेवाली सभी महत्वपूर्ण संभावित जोखिम का पता लगाने के लिए पर्याप्त रूप से व्यापक हो।

e) Organization Structure:

The Bank has implemented a robust and comprehensive Credit Risk Management framework. The Board of Directors assumes the overall responsibility for credit risk management and decides the credit risk management policy, strategies and sets prudential & other limits.The set-up of Risk Management Department is here under:



1. **Risk Management Committee (RMC) of the Board:** The Risk Management Committee, a sub-committee of the Board headed by the Chairman, devises the policy and strategies for integrated risk management containing various risk exposures of the Bank, including the credit risk. The committee reviews the functions and considers the recommendation of Credit Risk Management Committee (CRMC), the Asset Liability Management Committee (ALCO) and the Operational Risk Management Committee (ORMC). The responsibilities of RMC include:

   a) Setting risk strategies, risk policies, risk appetite and risk tolerance of the Bank.

   b) Setting policies and guidelines for measurement/ management/monitoring/reporting of Credit Risk, Market Risk and Operational Risk. Approving all related policies i.e., Credit policy, Credit Risk Policy, Forex Treasury Policy and Operational guidelines, Domestic Treasury Policy and Operational Guidelines, ALM policy, Operational risk policy, etc.

   c) Approving procedures for analyzing, measuring and monitoring various risks, which should be sufficiently comprehensive to capture all material risk inherent in the Bank's business.

डी) प्रभावी परिचालनों, विश्वसनीय रिपोर्टिंग, आस्तियों की रक्षा को प्रोत्साहित करने और जोखिम सीमाओं, विधि, विनियमन और अनुमोदित नीतियों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सुदृढ़ आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की व्यवस्था करना।

ई) ऋण जोखिम, बाज़ार जोखिम तथा परिचालनगत जोखिमों के अंतर्गत जोखिम सीमाओं का अनुमोदन और समीक्षा।

एफ) निरंतर आधार पर ऋण जोखिम, बाज़ार जोखिम, चलनिधि जोखिम, ब्याज दर जोखिम, ईक्विटी मूल्य जोखिम, विदेशी मुद्रा जोखिम, परिचालनगत जोखिम, विधि जोखिम आदि का आकलन करना।

जी) ऋण/मार्केट/परिचालनगत जोखिमों के परिकलन के लिए उपयोग की जानेवाली सभी प्रणालियों की प्रभावकारिता और वित्तीय मॉडलों की सशक्तता सुनिश्चित किया जाना।

एच) विभिन्न परिचालन विभागों द्वारा जोखिम मानदंडों के अनुपालन की निगरानी और बैंक के कार्यकलापों द्वारा उत्पन्न जोखिमों को ध्यान में रखकर जोखिम नियंत्रण प्रक्रिया की पर्याप्तता को सुनिश्चित करना।

आई) महत्वपूर्ण कमियों को पहचानने और सुधारात्मक कार्रवाई करने के प्रति तुरंत ध्यान देना।

जे) जोखिम प्रबंधन प्रक्रियाएँ (जनता, प्रणालियों, परिचालन, सीमा और नियंत्रण से संबंधित) बैंक की नीति के अनुरूप है, इसे सुनिश्चित करना।

के) ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी), आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ) और परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) के कार्यवृत्तों की समीक्षा के जरिए इन समितियों के साथ समन्वय स्थापित करना और इनका पर्यवेक्षण करना।

एल) आरएमसी बैठकों के कार्यवृत्त को प्रस्तुत करते हुए निदेशक मंडल को रिपोर्ट करना।

एम) मामले के महत्व के आधार पर निदेशक मंडल को अनुमोदन/चर्चा के लिए नोट प्रस्तुत करना।

विभिन्न जोखिमों का प्रबंधन एवं नियंत्रण के लिए अलग उप-समितियाँ गठित की गईं।

- ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी)
- परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी)
- आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ)
- सूचना सुरक्षा प्रबंधन समिति (आईएसएमसी)

2. **ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी):** ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी) का संचालन प्रबंध निदेशक एवं मुख्य

d) Setting up efficient internal control system to promote effective operations, reliable reporting, safeguarding assets and ensuring compliance with risk limits, laws, regulations and approved policies.

e) Approving and Reviewing risk limits under credit risks, market risks and operational risks.

f) Undertaking on an ongoing basis an assessment of credit risk, market risk, liquidity risk, interest rate risk, equity price risk, foreign exchange risk, operational risk, legal risk, etc.

g) Ensuring robustness of financial models and effectiveness of all systems used to calculate Credit/Market/Operational risks.

h) Monitoring compliance with risk parameters by various operating departments and ensure the appropriateness of risk control process, keeping in view the level of risks posed by the bank's activities.

i) Paying prompt attention to identify material weaknesses and take remedial action.

